RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 262 जयपुर, बुधवार, 21 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

▶ इंस्टाग्राम पर पोस्ट वीडियो के जरिए अभिनेता की गतिविधियों पर रखी नजर

टाइगर नहीं थे टारगेट, किसी बड़ी हस्ती को मारने आए थे हमलावर

पूछताछ में आरोपियों का बड़ा खुलासा, बोले- अपने असली लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल लगने पर एक्टर टाइगर श्रॉफ की रेकी की और चला दी गोली, बॉलीवुड में दहशत फैलाना भी था मकसद

नई दिल्ली/संचार जगत

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर रविवार को मुंबई में हुई गोलीबारी कांड में ट्विस्ट आ गया है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया है कि उनके निशाने पर टाइगर श्रॉफ नहीं थे बल्कि वे लोग किसी और बड़ी हस्ती को मारने आए थे। लेकिन जब उनका तय टारगेट नहीं मिला तो उनलोगों ने टाइगर श्रॉफ को ही निशाना बना लिया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावरों का असली निशाना टाइगर श्रॉफ नहीं थे।

आरोपियों से शुरुआती पूछताछ के अनुसार, वे लोग किसी अन्य प्रमुख व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए मुंबई आए थे। हालांकि, अपने असली लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल लगने पर, उन्होंने अपना ध्यान टाइगर श्रॉफ की ओर मोड़ दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों को टाइगर श्रॉफ के प्रशंसकों द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई रील्स से पता चला कि अभिनेता के साथ आमतौर पर पुलिस सुरक्षा नहीं होती, जिससे उन्हें निशाना बनाना आसान हो गया।



टाइगर को मिली पुलिस सुरक्षा, दो और हिरासत में

फायरिंग की घटना के बाद टाइगर श्रॉफ को पुलिस सुरक्षा दी गई है। मुंबई पुलिस की प्रोटेक्शन ब्रांच ने टाइगर की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड तैनात किए हैं। वहीं, स्थानीय पुलिस स्टेशन की ओर से एक पुलिस अधिकारी और अतिरिक्त जवानों को भी उनकी सुरक्षा में लगाया गया है। टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में हरियाणा के सोनीपत निवासी रेहान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके दो दोस्तों, समीर और बोनी को भी हिरासत में लिया है। समीर, रेहान का पड़ोसी भी रह चुका है। हालांकि, सोनीपत पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रेहान की मां शमशीदा का कहना है कि पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई है।इससे पहले तीनों आरोपियों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। बताया गया कि वे नेपाल भागने की तैयारी कर रहे थे। इनमें 22 साल का ऋतिक बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। उसके पिता का नाम रामू महतो है। वह मुंबई के अंधेरी वेस्ट में उर्दू स्कूल के पास रहता था और रैपिडो बाइक चलाता था। दूसरा आरोपी 18 साल का रेहान है। वह हरियाणा के सोनीपत में सदर थाना क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी का रहने वाला है। उसके पिता का नाम रशीदुद्दीन अंसारी है। तीसरा आरोपी 17 साल का नाबालिग है, जो हरियाणा के सोनीपत जिले का रहने वाला है। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपियों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था।

सलमान की सुरक्षा बढ़ाई, बिग बॉस से ब्रेक

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद सोशल मीडिया और कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से सलमान खान ने बिग बॉस 20 से ब्रेक ले लिया है। उनकी जगह अब रोहित शेट्टी बिग बॉस में वीकेंड का वार होस्ट करते नजर आएंगे। हालांकि सलमान को लेकर किए जा रहे ये दावे गलत हैं। सलमान के ब्रेक का टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले से कोई संबंध नहीं है। सलमान खान को मंगलवार सुबह मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां उनकी सुरक्षा में सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा कड़ा पहरा नजर आया। इस दौरान उनके साथ स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट के हथियारबंद जवान तैनात थे। धमकियों के बाद सलमान के सुरक्षा इंतजामों को और पुख्ता कर दिया गया है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मॉन्स्टर की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। वामशी पैद्दिपल्ली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के निर्माण की जिम्मेदारी प्रोड्यूसर दिल राजू संभाल रहे हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। बताया जा रहा है कि जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

दिल्ली के डीडीए ग्राउंड में प्रधानमंत्री ने किया रावण दहन

मोदी ने गिनाए देश के 3 दुश्मन बोले- इनसे मिलकर लड़ना होगा

देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचाने वाली ताकतें, समाज को बांटने वाले लोग और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली मानसिकता देश की दुश्मन





नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में दशहरा समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने मौजूद चुनौतियों से मिलकर लड़ने का संदेश दिया। रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने तीन ऐसे दुश्मनों का जिक्र किया, जो देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति से जुड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इनसे मुकाबला करने के लिए देश को एकजुट होना होगा। विजयादशमी के मौके पर पीएम मोदी ने रावण दहन किया और देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके अलावा, उन्होंने अपने संबोधन में राम राज्य का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि राम राज्य का मतलब ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का बराबर मौका मिले।

राम राज्य में सत्ता का मकसद जनकल्याण

प्रधानमंत्री ने भगवान राम के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि राम राज्य में शासन का मकसद जनता की भलाई होता है। वहां भेदभाव की जगह न्याय और सभी को समान अवसर देने पर जोर रहता है। इसके अलावा, गरीबों और वंचितों की सेवा को भी जरूरी बताया। उनके मुताबिक, सरकार और समाज दोनों का ध्यान उन लोगों की मदद पर होना चाहिए, जिन्हें आगे बढ़ने के लिए सहारे की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि देश को अपने सामर्थ्य और संसाधनों पर भरोसा करना चाहिए। मेहनत के साथ लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। जब देश के लोग मिलकर किसी लक्ष्य के लिए काम करते हैं, तो मुश्किलों का सामना करना आसान हो जाता है। ऐसे में उन्होंने विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य का जिक्र करते हुए सामूहिक प्रयासों की अहमियत बताई। विजयादशमी का संदेश भी यही है कि बुराई पर जीत पाने के लिए साहस, सही सोच और एकजुटता जरूरी है।

सैटेलाइट इंटरनेट की निगरानी के लिए बनेगा अब नया सिस्टम

स्टारलिंक के भारत में आने से पहले सरकार की तैयारी, खास डिवाइस के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है मकसद

नई दिल्ली/संचार जगत

एलॉन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक की भारत में एंट्री से पहले सरकार सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सरकार स्टारलिंक समेत विदेशी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनियों पर नजर रखने के लिए एक खास डिवाइस बनाने पर विचार कर रही है। इस डिवाइस के जरिए सैटेलाइट इंटरनेट ट्रैफिक की निगरानी की जा सकती है। अभी इस योजना पर चर्चा चल रही है और इसे लेकर अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार एक खास हार्डवेयर डिवाइस बनाने पर विचार कर रही है। यह डिवाइस यूजर्स और विदेशी सैटेलाइट नेटवर्क के बीच सिक्योरिटी चेकपॉइंट की तरह काम कर सकता है। आसान भाषा में समझें तो सैटेलाइट इंटरनेट से जुड़ा ट्रैफिक इस डिवाइस से होकर गुजर सकता है। इस डिवाइस को यूजर के घर या सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन पर लगाने का विकल्प भी देखा जा रहा है।



सुरक्षा में भी उपयोगी होगा यह डिवाइस

सरकार की चिंता सिर्फ इंटरनेट सर्विस तक सीमित नहीं है। सैटेलाइट नेटवर्क का इस्तेमाल कम्युनिकेशन और सुरक्षा से जुड़े कामों में भी हो सकता है। ऐसे में युद्ध या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी किसी इमरजेंसी के दौरान विदेशी कंपनियों के नेटवर्क पर निर्भरता चिंता का विषय बन सकती है। इसी वजह से सरकार चाहती है कि भारत में काम करने वाली विदेशी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनियां सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करें। नया डिवाइस इसी दिशा में एक कदम हो सकता है। स्टारलिंक को भारत में अपनी सर्विस शुरू करने के लिए जरूरी मंजूरी और सुरक्षा शर्तों को पूरा करना होगा।

आज खुलेगा जियो का मेगा आईपीओ

नई दिल्ली, आरएनएन। निवेशकों के पास देश के सबसे चर्चित आईपीओ में पैसा लगाने का मौका है। मुकेश अंबानी की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ बुधवार 21 अक्टूबर से खुलने जा रहा है। बाजार में इस मेगा आईपीओ को लेकर जबरदस्त चर्चा है और ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) में तेजी ने निवेशकों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है।



- 30,213 करोड़ रुपए का यह भारत का सबसे बड़ा आईपीओ
- आईपीओ में आवेदन 21 से 23 अक्टूबर तक कर सकेंगे

इश्यू खुलने से ठीक पहले जीएमपी करीब 245 रुपए पहुंच गया है, जो ऊपरी प्राइस बैंड के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत प्रीमियम का संकेत देता है। मीडिया रिपोर्ट रिपोर्ट के मुताबिक, जियो आईपीओ का जीएमपी 245 रुपए है। कंपनी ने शेयर का प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 रुपए तय किया है। ऐसे में ऊपरी प्राइस बैंड पर शेयर की संभावित लिस्टिंग कीमत करीब 1,364 रुपए बैठती है। जियो प्लेटफॉर्म्स का यह इश्यू करीब 30,213 करोड़ रुपए का है। इसके जरिए कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी।

भागवत बोले, भारत में हो रही फ्रांस और बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की कोशिश

आरएसएस प्रमुख ने कहा, भारत में रिजीम चेंज आसुरी ताकतों का लक्ष्य, आंदोलन समाधान के लिए होने चाहिए

विजयादशमी के संबोधन में कहा, हम विभाजित होकर कमजोर हुए, अब आजादी के समय से ज्यादा तप करने की जरूरत

नई दिल्ली/संचार जगत



संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को विजयादशमी के मौके पर नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वंयसेवकों को संबोधित किया। इस दौरान मोहन भागवत ने विपक्ष के सत्ता परिवर्तन के दावों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश के अंदर बुरी ताकतें भारत को खत्म करने की दिशा में काम कर रही हैं और कुछ महत्वकांक्षी नेता उन ताकतों के साथ मिले हुए हैं। मोहन भागवत ने आगे कहा कि भारत में भी फ्रांस और बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की कोशिश हो रही है। दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाहती हैं। उनका मकसद सत्ता परिवर्तन कर हालात सुधारना नहीं, बल्कि खुद को सत्ता पर बिठाना है। मोहन भागवत ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के अंदर जब समस्या होती है तभी आंदोलन होते हैं, लेकिन आंदोलन समाधान के लिए होने चाहिए।

विश्व में भारत को दबाने वाली शक्तियां मौजूद हैं

मोहन भागवत ने विपक्षी दलों पर आंदोलनों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, समाज की सक्रियता से समाधान के कई उदाहरण है। समाज और देश को केवल नेता नहीं चला रहा, समाज देश को चलाता है। आंदोलन किसी दूसरे लक्ष्य से चले तो राजनीति का साधन बन जाता है, विरोध भड़काने का काम करता है। समाज से काटकर एक अलग वर्ग बनाना और व्यवस्था के बारे में विरोध बनाना, कलह करना, पहले भी करते आए हैं और आज भी कर रहे हैं। विश्व में भारत को दबाने वाली शक्तियां मौजूद हैं। किसी तरह से उत्तेजित नहीं होना है। हमको सतत प्रयास करने पड़ेंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, कैप्टन स्मित मछार ने जो किया, वह इसी चेतना के कारण था। यह एक स्वाभाविक कार्य था। उन्होंने आगे कहा, हमारे इतिहास के संघर्षों की वजह से हमारे दिलों में घाव हैं। लेकिन हमें उन्हें भरना होगा।

अभिजीत दीपके बोले, दिवाली तक कोई प्रोटेस्ट नहीं

नई दिल्ली /आरएनएन। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने मंगलवार को अपने समर्थकों के लिए एक खास मैसेज दिया। दीपके अपने समर्थकों को कॉकरोच कहते हैं। उन्होंने अपने मैसेज में कहा कि दिवाली तक कोई प्रदर्शन नहीं होगा। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि अब वक्त आ गया है कि कुछ समय का ब्रेक लें और कुछ दिन अपने परिवारों के साथ बिताएं। 16 मिनट से ज्यादा लंबे एक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा, अभी, मैं बस आप सभी से मेरे सभी साथियों से यह गुजारिश करना चाहता हूं कि कुछ दिनों के लिए आप अपने परिवारों के साथ समय बिताएं। त्योहार आने वाले हैं, और पिछले कुछ दिनों में जो कुछ भी हुआ है, उसे देखते हुए आपके परिवार वाले यकीनन बहुत चिंतित होंगे। दीपके ने आगे कहा, इसलिए, कुछ दिनों के लिए अपने परिवारों के साथ समय बिताएं।

वीडियो मैसेज में समर्थकों से कहा, त्योहारों में फैमिली के साथ रहें

मंगल के चंद्रमा से मिट्टी लाएगा जापान, 2031 तक धरती पर लौटेगा अंतरिक्ष यान

मार्शियन मून्स एक्सप्लोरेशन मिशन किया लॉन्च, एमएमएक्स का लक्ष्य है फोबोस से कम से कम 10 ग्राम नमूने जुटाना...

नई दिल्ली/संचार जगत

जापान ने मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस से मिट्टी और चट्टानों के नमूने धरती पर लाने के लिए मार्शियन मून्स एक्सप्लोरेशन (एमएमएक्स) मिशन लॉन्च किया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) के नेतृत्व वाले इस मिशन का लक्ष्य फोबोस की सतह से कम से कम 10 ग्राम नमूने एकत्र करना है। मिशन सफल रहा तो मंगल के किसी चंद्रमा से सीधे नमूने लाकर उनका अध्ययन करने का यह पहला अभियान होगा।

जापान ने यह अंतरिक्ष यान दक्षिणी जापान के तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-3 रॉकेट के जरिए रवाना किया। करीब चार टन वजनी यह यान मंगल प्रणाली तक पहुंचने के लिए लगभग 50 से 60 करोड़ किलोमीटर की यात्रा करेगा। योजना के मुताबिक, यह अगस्त 2027 में मंगल के पास पहुंचेगा और करीब तीन साल तक उसके दोनों चंद्रमाओं फोबोस और डीमोस का अध्ययन करेगा। नमूने लेकर वापसी कैप्सूल के 2031 में दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के वूमेरा क्षेत्र में उतरने की उम्मीद है।



चंद्रमाओं की उत्पत्ति का रहस्य सुलझाने की कोशिश

वैज्ञानिकों के सामने फोबोस और डीमोस की उत्पत्ति को लेकर दो प्रमुख संभावनाएं हैं। पहली के मुताबिक, ये क्षुद्रग्रह हैं, जिन्हें मंगल के गुरुत्वाकर्षण ने अपनी कक्षा में खींच लिया। दूसरी संभावना है कि अरबों साल पहले किसी बड़े पिंड के मंगल से टकराने के बाद निकले मलबे से दोनों चंद्रमाओं का निर्माण हुआ। एमएमएक्स मिशन के जरिए वैज्ञानिक दोनों चंद्रमाओं की सतह, संरचना और भौतिक विशेषताओं का अध्ययन करेंगे। शोधकर्ताओं को यह भी उम्मीद है कि फोबोस की मिट्टी में मंगल से निकले पदार्थ के निशान मिल सकते हैं। इससे लाल ग्रह के शुरुआती इतिहास और वहां की प्राचीन परिस्थितियों को समझने में मदद मिल सकती है।

कम गुरुत्वाकर्षण में नमूने जुटाना चुनौती

फोबोस का व्यास करीब 22 किलोमीटर है और वहां गुरुत्वाकर्षण बेहद कमजोर है। ऐसे में अंतरिक्ष यान को सतह पर सावधानी से उतरना होगा। मिशन की योजना के तहत यान एक या दो बार सतह पर उतरकर नमूने जुटाएगा। इसके लिए सतह की मिट्टी और कुछ गहराई में मौजूद पदार्थ एकत्र करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले फोबोस पर उतरने और वहां से नमूने लाने में कोई देश सफल नहीं हुआ है। जापान का यह अभियान उसके हायाबुसा और हायाबुसा-2 मिशनों के अनुभव पर आधारित है। इन अभियानों के जरिए जापान क्षुद्रग्रहों से नमूने धरती पर ला चुका है।

चंद्रमाओं की उत्पत्ति और मंगल के इतिहास का रहस्य सुलझाने में मिलेगी मदद...



अमेरिका और यूरोप भी मिशन में शामिल

एमएमएक्स में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी समेत कई अंतरराष्ट्रीय साझेदार शामिल हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गैस के नमूने लेने वाला उपकरण और गामा-किरण व न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रोमीटर उपलब्ध कराया है। फ्रांस के राष्ट्रीय अंतरिक्ष अध्ययन केंद्र और जर्मन एयरोस्पेस केंद्र ने मिलकर इडेफिक्स नाम का करीब 30 किलोग्राम वजनी रोवर विकसित किया है। इसे 2029 में फोबोस पर उतारने की योजना है। रोवर सतह की बनावट और जमीन की विशेषताओं का अध्ययन करेगा, ताकि मुख्य अंतरिक्ष यान को नमूने जुटाने के लिए उपयुक्त स्थान चुनने में मदद मिल सके। जापान के अलावा चीन भी मंगल से नमूने लाने की योजना पर काम कर रहा है। एमएमएक्स की सफलता से वैज्ञानिकों को मंगल के चंद्रमाओं की उत्पत्ति, मंगल के विकास और सौरमंडल के शुरुआती इतिहास को समझने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

खैरथल में शिवा कलेक्शन का शुभारंभ, सभापति विक्रम सिंह चौधरी ने राजू गोसेवक को दी शुभकामनाएं

संचार जगत

खैरथल। विजयदशमी के पावन अवसर पर खैरथल में अंडरब्रिज के पास राजू गोसेवक के नवनिर्मित प्रतिष्ठान शिवा कलेक्शन का भव्य शुभारंभ किया गया। नगर परिषद खैरथल के भाजपा सभापति विक्रम सिंह चौधरी ने रेणागिरी धाम के महंत जगतगुरु बालकाचार्य बालक दास जी महाराज के सान्निध्य में फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभापति विक्रम सिंह चौधरी ने राजू गोसेवक को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर उन्नति की कामना की। वहीं, जगतगुरु बालकाचार्य बालक दास जी महाराज ने भी राजू गोसेवक को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सीमा बाई गौशाला की महंत सीमा बाई ने अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया और सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतिष्ठान के शुभारंभ के बाद बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते गोसेवकों के काफिले के साथ सभापति विक्रम सिंह चौधरी, जगतगुरु बालकाचार्य बालक दास जी महाराज सहित अन्य लोग सीमा बाई गौशाला पहुंचे। यहां महंत सीमा बाई ने भक्तों के साथ अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। गौशाला में सभापति विक्रम सिंह चौधरी ने गौ माता को हरा चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जगतगुरु बालकाचार्य बालक दास जी महाराज ने कहा कि कलयुग में गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने गौ माता की सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए



लोगों को धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। सभापति विक्रम सिंह चौधरी ने भी उपस्थित लोगों से गौ माता की सेवा करने और इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जितेंद्र बैसला, अमित शर्मा, मुला भेड़ी, पार्षद मनोज भुराडिया, नागर डॉक्टर, महंत सीमा बाई सहित सैकड़ों की संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

जयपुर में निर्माणाधीन मकानों से AC की कॉपर वायर चोरी करने वाला गिरफ्तार

संचार जगत

जयपुर। जयपुर पश्चिम की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों को निशाना बनाकर AC की कॉपर वायर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 8 किलो कॉपर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास स्वामी उर्फ पंखुड़ी (27) निवासी टाटा नगर, शास्त्री नगर, जयपुर के रूप में हुई है। आरोपी पर निर्माणाधीन मकानों से AC की कॉपर वायर चोरी करने का आरोप है। मामले के अनुसार, परिवादी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान 2 सितंबर 2026 को निर्माण स्थल से AC की कॉपर वायर काटकर चोरी कर ली गई। शिकायत के आधार पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 8 किलो कॉपर बरामद किया।



बहलोड के गिरनार धाम नौ दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ का समापन हुआ व हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण किया

संचार जगत

जमवारामगढ़ / ताला उपखंड के श्री गिरनार धाम बहलोड-धीरावास आश्रम में 9 दिवसीय 21 कुण्डीय शिव शक्ति महायज्ञ सोमवार को संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य पंडित दिनेश त्रिवेदी ने महंत स्वामी ने की महाराज के सानिध्य में प्रधान कुंड पर पूर्णाहुति करवाई।महायज्ञ में कुल 12 लाख 20 हजार आहुतियां दी गई, जिनमें दुर्गा सप्तशती और रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों का जाप हुआ। 61 यजमानों ने भी अपने कुंडों पर पूर्णाहुति दी। पूर्णाहुति के दौरान यज्ञ स्थल जयकारों से गूंज उठा। समापन पर महामंडलेश्वर प्रहलाद दास जी महाराज कुंडा धाम, रामदास जी महाराज नीलका धाम, प्रहलाद दास जी महाराज बड़ी धाम, मानदास जी महाराज खेड़की, किशन दास जी महाराज दिवराला, महंत शत्रुघ्न दास जी महाराज महरौली, श्री कृष्ण दास जी महाराज निमोद सहित कई संत मौजूद थे। इस दौरान जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा, पूर्व विधायक गोपाल मीणा, रमेश चनेजा बहलोड प्रशासक सुदामा राम गुर्जर, धौला प्रशासक प्रकाश गुर्जर, पूर्व सरपंच श्रवण कुमार गुर्जर, छाजू राम गुर्जर, सहित ग्रामीण भी पहुंचे।

कौशल विकास से आजीविका संवर्धन का माध्यम बन रही पीएम विश्वकर्मा योजना

प्रदेश में 62 हजार से अधिक ऋण स्वीकृत, 2.17 लाख ई-वाउचर जारी

संचार जगत

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को आधुनिक तकनीक एवं वित्तीय सहायता से जोड़कर उनके आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण, प्रशिक्षण से लेकर ऋण स्वीकृति तक उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के 2 लाख 30 हजार से अधिक कारीगरों का पंजीकरण हो चुका है तथा इस श्रेणी में राजस्थान पूरे देश में चौथे स्थान पर है।

2 लाख 22 हजार 473 लाभार्थियों का बेसिक प्रशिक्षण पूर्ण

पीएम विश्वकर्मा योजना के



माध्यम से कारीगरों को पारंपरिक कौशल को निखारने, आधुनिक उपकरणों के उपयोग, कार्य की गुणवत्ता में सुधार तथा उद्यमशीलता की समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है।

राजस्थान में 2 लाख 22 हजार 473 लाभार्थियों का बेसिक प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रदेश में बढ़ई श्रेणी में 45 हजार 958 और राजमिस्त्री में 38 हजार 450 कारीगरों का सर्वाधिक पंजीकरण हुआ है।

2.17 लाख से अधिक ई-वाउचर जारी

योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 3 लाख रुपये तक का ऋण रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा टूलकिट के लिए 15 हजार रुपये तक सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत राजस्थान में 62 हजार से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पात्र कारीगरों को टूलकिट सहायता उपलब्ध कराने के लिए 2 लाख 17 हजार 84 ई-वाउचर जारी किए गए हैं। इससे कारीगरों को आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, कच्चे माल की खरीद के साथ ही कार्यकुशलता में वृद्धि के साथ व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता मिलती है।

वर्ष 2028 का लक्ष्य समय से पहले ही हासिल

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत केन्द्र सरकार ने देशभर में वर्ष 2028 में 30 लाख कारीगरों एवं शिल्पकारों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा था, जिसे निर्धारित समय से पहले ही हासिल किया जा चुका है। इसमें 30 सितंबर 2026 तक पंजीकृत 30 लाख 3 हजार 925 कारीगर एवं शिल्पकारों में से 24.39 लाख से अधिक कारीगरों का बेसिक प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। वहीं, देशभर में लगभग 5 हजार 350 करोड़ रुपये के 6.23 लाख से अधिक ऋण स्वीकृत एवं 26.17 लाख से अधिक टूलकिट ई-वाउचर जारी किए जा चुके हैं। आईआईएम मुंबई के एक समवर्ती मूल्यांकन के अनुसार इस सर्वे में शामिल लाभार्थियों में से 93 प्रतिशत लाभार्थियों की आय में प्रशिक्षण के बाद उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



विजयादशमी पर चंद्रशेखर आजाद बस्ती का भव्य पथ संचलन, 60 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

संचार जगत

खैरथल। विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद बस्ती की ओर से भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल, जसोरिया कॉलोनी से हुआ। इसमें लगभग 60 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध होकर भाग लिया। पथ संचलन चंद्रशेखर आजाद बस्ती सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान जगह-जगह समाज के लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। लोगों ने उत्साहपूर्वक जयघोष लगाकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मार्ग में अनुशासन, उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला।

हिंदू समाज को संगठित एवं एकजुट रहने का आह्वान

कार्यक्रम में खैरथल जिले के सामाजिक समरसता प्रमुख रामाकांत गुप्ता का बौद्धिक हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को संगठित एवं एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम : समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों के अंत का लें संकल्प

संचार जगत

आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही निर्णायक कार्रवाई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल रावण वध का स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लेने का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन लोककल्याण, मर्यादा, आदर्शों और सनातन संस्कृति की रक्षा का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करना ही वास्तविकता में रामराज्य की स्थापना का मार्ग है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को जयपुर के आदर्श नगर में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ





सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन का ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्विकास, उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण और सोमनाथ की गौरवशाली विरासत के स्मरण जैसे कार्यों ने देश की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की है। इसी प्रकार सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। वहीं, नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई से देश में शांति और सुरक्षा का वातावरण मजबूत हुआ है।

प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का किया जा रहा संरक्षण

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न मंदिरों के विकास एवं पुनर्निर्माण, संतों और लोक परंपराओं से जुड़े स्थलों पर पैनोरमा निर्माण तथा राजकीय मंदिरों में वर्षभर उत्सवों एवं महोत्सवों के आयोजन जैसे प्रयासों से हमारी सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिली है।

प्रथम चरण के लिए कल भवानी निकेतन से रवाना होंगे मतदान दल

जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों के 146 वार्डों और जिला परिषद के 22 वार्डों में 22 अक्टूबर को होगा मतदान

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के वार्डों में मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रथम चरण के लिए बुधवार, 21 अक्टूबर को भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर से मतदान दलों को ईवीएम, मतदान सामग्री एवं आवश्यक चुनावी व्यवस्थाओं के साथ निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए गुरुवार, 22 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक ईवीएम के माध्यम से मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि चौमूं पंचायत समिति में 25 वार्डों के लिए 144 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1 लाख 38 हजार 595 मतदाता मतदान करेंगे। दूदू में 15 वार्डों के लिए 75 मतदान केंद्रों पर 66 हजार 333 मतदाता, गोविंदगढ़ में 19 वार्डों के लिए 103 मतदान केंद्रों पर 1 लाख 1 हजार 878 मतदाता तथा झोटवाड़ा में 15 वार्डों के लिए 62 मतदान केंद्रों पर 58 हजार 648 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इसी प्रकार जोबनेर पंचायत समिति में 19 वार्डों के लिए 107 मतदान केंद्रों पर 93 हजार 576 मतदाता, किशनगढ़ रेनवाल में 19 वार्डों के लिए 109 मतदान केंद्रों पर 1 लाख 152 मतदाता, मौजमाबाद में 17 वार्डों के लिए 96 मतदान केंद्रों पर 93 हजार 950 मतदाता तथा सांभर में 17 वार्डों के लिए 101 मतदान केंद्रों पर 90 हजार 508 मतदाता मतदान करेंगे। इस प्रकार प्रथम चरण में आठ पंचायत समितियों के कुल 146 वार्डों के लिए 797 मतदान केंद्रों पर कुल 7 लाख 43 हजार 640 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रथम चरण में मतदान प्रक्रिया के तहत मतदान दलों को पांच दिन और चार रात अपने निर्धारित क्षेत्रों में रहकर निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

22 अक्टूबर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए ईवीएम से मतदान के बाद शुक्रवार, 23 अक्टूबर को ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद शनिवार, 24 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए बैलेट पेपर से मतदान होगा। रविवार, 25 अक्टूबर को उपसरपंच का चुनाव कराया जाएगा।

किशनगढ़बास में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई: 220 किलो दूषित कलाकंद व मिश्रित दूध नष्ट, 120 किलो देसी घी जब्त

संचार जगत

खैरथल तिजारा। खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) पुलिस ने मंगलवार, 20 अक्टूबर को किशनगढ़बास क्षेत्र के बेड़ा का बास में संयुक्त कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान करीब 120 किलो बदबूदार कलाकंद और 100 किलो बदबूदार मिश्रित दूध नष्ट करवाया गया, जबकि 120 किलो देसी घी (पोद्दार) जब्त किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि टीम ने बेड़ा का बास में मैसर्स कमरुद्दीन और मैसर्स सुमरदिन के प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मैसर्स कमरुद्दीन के यहां से दूध, कलाकंद और मिल्क पाउडर के नमूने लिए गए। मौके पर करीब 120 किलो बदबूदार कलाकंद





और लगभग 100 किलो बदबूदार मिश्रित दूध नष्ट करवाया गया। वहीं, मैसर्स सुमरदिन के प्रतिष्ठान से दूध, कलाकंद और देसी घी (पोद्दार) के नमूने लिए गए। इसके बाद करीब 120 किलो देसी घी जब्त किया गया। विभाग की ओर से सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त कार्रवाई के दौरान हेमंत यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गौरव कुमार, पुलिस निरीक्षक, जिला स्पेशल टीम तथा महिपाल सिंह सहित डीएसटी टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

खाचरियावास का भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप



संचार जगत

जयपुर। पूर्व परिवहन मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कमर्शियल वाहनों पर वीएसटीडी डिवाइस लगाने के नाम पर एक हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। खाचरियावास का आरोप है कि जिस डिवाइस को पहले करीब 5 हजार रुपये में लगवाया जा सकता था, उसके लिए अब 15 से 17 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा से जवाब मांगते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। खाचरियावास ने कहा कि सरकार डिवाइस की वास्तविक कीमत, टेंडर प्रक्रिया और वाहन मालिकों से वसूली जा रही राशि का पूरा हिसाब सार्वजनिक करे।

पत्रकारिता और समाजसेवा में योगदान के लिए मिला सम्मान



संचार जगत

जयपुर। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन राजस्थान चैप्टर की ओर से निजी होटल में आयोजित 'जश्न-ए-सर सैयद 2026' समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी बाबू अंसारी को पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भरतपुर जिला कलेक्टर कमरुल ज़मां चौधरी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजम बैग और विशिष्ट अतिथि फरहा ख़ान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, पत्रकारिता और समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों की 31 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ सर सैयद अहमद ख़ाँ के शैक्षिक मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कैफे पर पुलिस की रेड

संचार जगत



जयपुर। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक कैफे पर सोमवार देर रात पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। कैफे की आड़ में अवैध रूप से हुक्का-बार चलाया जा रहा था, जहां पुलिस के पहुंचने पर मची अफरा-तफरी के बीच 26 युवक-युवतियां पकड़े गए। जयपुर स्पेशल कमिश्नर ओम प्रकाश के निर्देश पर सीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि राजपार्क स्थित नाइन्स बिन्स कैफे में हुक्का-बार संचालित हो रहा है और वहां युवाओं को नशा परोसा जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर टीम ने सोमवार देर रात कैफे पर अचानक दबिश दी। पुलिस के अचानक पहुंचते ही वहां मौजूद युवक-युवतियों में हड़कंप मच गया और वे सकते में आ गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से नशा कर रहे 26 युवक-युवतियों को राउंडअप किया। इसके साथ ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 हुक्के, 60 पाइप और दर्जनों फ्लेवर तंबाकू के डिब्बे भी जब्त कर लिए। इस मामले में आदर्श नगर थाना पुलिस ने कैफे मैनेजर विक्रम सिंह के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

शिल्पकारों की तकदीर बदल रही है पीएम विश्वकर्मा योजना

संचार जगत




जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को आधुनिक तकनीक एवं वित्तीय सहायता से जोड़कर उनके आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण, प्रशिक्षण से लेकर ऋण स्वीकृति तक उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 2 लाख 30 हजार से अधिक कारीगरों का पंजीकरण हो चुका है तथा इस श्रेणी में राजस्थान पूरे देश में चौथे स्थान पर है। इस योजना के माध्यम से कारीगरों को पारंपरिक कौशल को निखारने, आधुनिक उपकरणों के उपयोग, कार्य की गुणवत्ता में सुधार तथा उद्यमशीलता की समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है। राजस्थान में 2 लाख 22 हजार 473 लाभार्थियों का बेसिक प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रदेश में बढ़ई श्रेणी में 45 हजार 958 और राजमिस्त्री में 38 हजार 450 कारीगरों का पंजीकरण हुआ है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 3 लाख रुपये तक का ऋण रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा टूलकिट के लिए 15 हजार रुपये तक सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत राजस्थान में 62 हजार से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पात्र कारीगरों को टूलकिट सहायता उपलब्ध कराने के लिए 2 लाख 17 हजार 84 ई-वाउचर जारी किए गए हैं। कारीगरों को आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, कच्चे माल की खरीद के साथ ही कार्यकुशलता में वृद्धि के साथ व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता मिलती है।

वर्ष 2028 का लक्ष्य समय से पहले ही हासिल

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत केन्द्र सरकार ने देशभर में वर्ष 2028 में 30 लाख कारीगरों एवं शिल्पकारों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा था, जिसे निर्धारित समय से पहले ही हासिल किया जा चुका है। इसमें 30 सितंबर 2026 तक पंजीकृत 30 लाख 3 हजार 925 कारीगर एवं शिल्पकारों में से 24.39 लाख से अधिक कारीगरों का बेसिक प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। वहीं, देशभर में लगभग 5 हजार 350 करोड़ रुपये के 6.23 लाख से अधिक ऋण स्वीकृत एवं 26.17 लाख से अधिक टूलकिट ई-वाउचर जारी किए जा चुके हैं। आईआईएम मुंबई के एक समवर्ती मूल्यांकन के अनुसार इस सर्वे में शामिल लाभार्थियों में से 93 प्रतिशत लाभार्थियों की आय में प्रशिक्षण के बाद उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

सरस की मिठास से महकेगी दीपावली



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में इस बार सरस की मिठास से दीपावली महकेगी। दीपावली पर 275 टन सरस मिठाइयां बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। सरस घी से बनी मिठाइयों की गुणवत्ता और किफायती कीमतों पर फोकस रहेगा। प्रदेशभर में जिला दुग्ध संघों ने दीपावली को लेकर विशेष तैयारी की है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत जिलों की पारंपरिक मिठाइयों को प्राथमिकता मिलेगी। जोधपुर की मावा कचौरी, अजमेर का पेड़ा-बर्फी खास पहचान बनेगी। हनुमानगढ़ की कलाकंद, अलवर की कलाकंद भी बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। जयपुर डेयरी ने 70 टन मिठाइयां बेचने का लक्ष्य रखा है। बताया जा रहा है कि इस बार दीपावली पर गुलाब जामुन, रसगुल्ला, पेड़ा, लड्डू और काजू कतली की मांग रहेगी। इसके लिए सरस बूथ, सरस पार्लर और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बिक्री की तैयारी की गई है। आरसीडीएफ प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने इस मामले में पर्याप्त उपलब्धता और समय पर आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार सरस मिठाइयों की बिक्री बढ़ने से दुग्ध उत्पादकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

प्रथम चरण का प्रचार थमा आज रवाना होंगे मतदान दल

संचार जगत



जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तहत जयपुर जिले में प्रथम चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रथम चरण के लिए आज मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के संचालन तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दलों को निर्वाचन सामग्री एवं निर्धारित व्यवस्थाओं के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने मंगलवार को श्री भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर में सभी संबंधित 8 पंचायत समितियों को रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य सभी चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ प्रथम चरण के मतदान व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने वीसी के माध्यम से सभी संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को पंचायती राज चुनाव के प्रथम चरण की निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

गणेश गुवाड़ी में नया आयुष्मान शहरी आरोग्य मंदिर शुरू हुआ

संचार जगत



अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं का निरन्तर विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पंचशील स्थित गणेश गुवाड़ी में आयुष्मान शहरी आरोग्य मंदिर का शुभारम्भ किया गया। इस केन्द्र के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को सर्दी, खांसी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच, उपचार एवं दवाइयां घर के नजदीक ही निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगी। देवनानी ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत चार शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना एवं संचालन के लिए कुल 1 करोड़ 15 लाख 50 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इसके अन्तर्गत गणेश गुवाड़ी स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 28 लाख 87 हजार 500 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। केन्द्र के लिए 25 लाख रुपये का वार्षिक बजट भी आवंटित किया गया है। यहां एक चिकित्सक, दो नर्सिंगकर्मी एवं पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति निरोगी रहे तथा सभी को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी सोच के अनुरूप अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। पंचशील स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी चिकित्सकीय सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। क्षेत्रवासियों की मांग पर गणेश गुवाड़ी में इस नए आयुष्मान शहरी आरोग्य मंदिर की शुरुआत की गई है।

पाकिस्तान बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की तैयारी

संचार जगत

जयपुर। सरकार सीमा पर तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए खुफिया निगरानी मजबूत करने की तैयारी कर रही है। वर्तमान में यहां 32 खुफिया चौकियां संचालित हैं। अब 9 और चौकियां खोलने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिनमें 5 पहले बंद हो चुकी चौकियां भी शामिल हैं। इन चौकियों के जरिए नशे और हथियारों की तस्करी, विस्फोटक सामग्री की आवाजाही, जासूसी और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। इस बीच, श्रीगंगानगर के रावला क्षेत्र में पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गिराई गई हेरोइन की खेप लेने आए पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 किलो 132 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है।

जयपुर में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

संचार जगत



जयपुर। भांकरोटा इलाके में पुलिस ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। आरोपी आईफोन की तकनीकी समस्या दूर करने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे, जिसके लिए इलाके में एक फेक टेक्निकल सपोर्ट कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई में दो युवतियों समेत कुल दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 19 मोबाइल तथा 12 लैपटॉप बरामद किए हैं। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि इस ठगी के नेटवर्क में शामिल आरोपियों की पहचान हर्ष चौहान, कृष्ण, आकाशी लाबा, खोजा, केवी, निशांत, रविंद्र कुमार, अंकित, दिया गुरुजी और लिशीनी के रूप में हुई है, जो हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, मणिपुर और गुरुग्राम सहित विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी एक्स-लाइट सॉफ्टवेयर और टीएफएन नंबरों के माध्यम से सीधे अमेरिका के नागरिकों से संपर्क साधते थे। आईफोन में तकनीकी खराबी आने पर उसका समाधान करने का झांसा देकर वे ग्राहकों को बातचीत में उलझा लेते थे और इस दौरान उनके बैंक खातों की गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते थे।

जयपुर में लिव-इन पार्टनर की हत्या

संचार जगत

जयपुर। जयपुर की पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में लिव-इन में रह रही 35 वर्षीय महिला की फ्लैट में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को शक है कि महिला के लिव-इन पार्टनर युवराज ने रविवार रात किसी बात पर हुए विवाद के बाद किसी भारी चीज से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। एसएचओ कविता यादव ने बताया कि मृतका और आरोपी किराए के फ्लैट में रहकर टिफिन सेंटर चलाते थे। आरोपी पहले से शादीशुदा था, लेकिन अपनी पत्नी से अलग रहकर मृतका के साथ लिव-इन में रह रहा था। सोमवार सुबह जब पड़ोसी उस फ्लैट पर गए, तब कमरे में महिला का शव पड़ा मिला।

जयपुर से लखनऊ और सूरत के लिए रोजाना फ्लाइट शुरू



संचार जगत

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। इंडिगो एयरलाइन ने जयपुर से लखनऊ और सूरत के लिए उड़ानों की फ्रीक्वेंसी बढ़ा दी है, जिसके तहत अब इन दोनों रूटों पर यात्रियों को सातों दिन हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी। पहले इन दोनों मार्गों पर सप्ताह में केवल चार दिन ही फ्लाइट्स का संचालन किया जाता था, जिससे यात्रियों को सीमित दिनों के आधार पर अपनी यात्रा की योजना बनानी पड़ती थी। अब एयरलाइन द्वारा वीकली शेड्यूल की बाध्यता को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, जिससे कारोबार, नौकरी, शिक्षा और अन्य जरूरी कार्यों से सफर करने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।

रितु बराला मामले में सियासी टकराव चरम पर



संचार जगत


जयपुर। दिल्ली में एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव रितु बराला के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी के मामले में राजस्थान में सियासी टकराव चरम पर पहुंच गया है। दिल्ली पुलिस की महिला कांस्टेबल चंचल यादव के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास समेत कई वरिष्ठ नेता जयपुर पुलिस कमिश्नरेट परिसर में धरने पर जमे हुए हैं। कमिश्नरेट के भीतर रातभर गद्दे बिछाकर सोए नेताओं ने मंगलवार सुबह वहीं चाय पी, जबकि बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं की बैरिकेडिंग पर पुलिस से तीखी झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। मामले ने उस वक्त बड़ा तूल पकड़ा जब राहुल गांधी ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा से फोन पर बात कर इस मामले में जयपुर में ही प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डोटासरा सोमवार शाम कमिश्नरेट पहुंचे थे और मांग पूरी न होने तक वहीं डटे रहने का फैसला किया। डोटासरा ने कहा कि पुलिस पूरी तरह सरकार के दबाव में डरी हुई है।

खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने का प्रयास

रितु बराला प्रकरण पर कांग्रेस का आचरण अब महिला न्याय से ज्यादा राजस्थान में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने का प्रयास बन गया है। मसला प्रशासनिक होता हुआ सड़क की राजनीति बनता जा रहा है। कांग्रेस जहां इस मामले में खुद को विपक्ष के होने का असर दिखा रही है तो जयपुर पुलिस आयुक्तालय ने अपने आधिकारिक प्रेस नोट में स्पष्ट किया है कि परिवाद दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में 13 अक्टूबर को ही दिया जा चुका है और इस मामले में विधिवत जांच चल रही है। इसके बावजूद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा आयुक्तालय में धरना देना यह बताता है कि कांग्रेस को पुलिस की प्रक्रिया पर नहीं, सुर्खियों पर भरोसा राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि राहुल गांधी के निर्देश के बाद ही राजस्थान कांग्रेस अचानक सक्रिय हुई। दूसरा इस प्रदर्शन को गहलोत-पायलट के बाद अब डोटासरा-जूली मॉडल बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि गहलोत और पायलट के बीच की खींचतान के बाद अब गहलोत और डोटासरा के बीच मतभेदों की खबरें पार्टी गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई है। ऐसे में रितु बराला प्रकरण ने कांग्रेसी नेताओं में वर्चस्व की खींचतान को लेकर भी चर्चा जोरों पर है। दरअसल रितु बराला का मामले का एक पक्ष कानून से भी जुड़ा है। प्रदर्शन के विरोधियों का तर्क यह है कि जब मामला पहले से दर्ज है तो जीरो एफआईआर की मांग का विधिक आधार क्या है। कांग्रेस नेतृत्व पुलिस के प्रेस नोट का जवाब क्यों नहीं दे रही है। सवाल उठाए जा रहे हैं कि जनता को गुमराह करने के बजाय डोटासरा-जूली को बताना चाहिए कि जब दिल्ली में जांच चल रही है तो जयपुर में धरने का औचित्य क्या है। सारे मसले पर कहा जा रहा है कि अब कांग्रेस को तय करना है कि उसे पीड़िता को न्याय दिलाना है या इस मामले को प्रदेश में अपना सियासी चेहरा चमकाने का टूल बनाना है। पिछले पांच साल बनाम वर्तमान सरकार के दो साल के काम का हिसाब विधानसभा में रखा जा चुका है। कांग्रेस विकास पर चर्चा से भाग रही है और धरना-प्रदर्शन को ही अपनी उपलब्धि बता रही है। राजस्थान की जनता समझदार है। वो धरने की राजनीति और न्याय की राजनीति में फर्क जानती है।

अशोक गहलोत ने पानी और चारे के संकट की दी चेतावनी

सरकार से आपूर्ति की व्यवस्था करने का आग्रह किया



संचार जगत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में पानी और चारे के संभावित संकट को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि तुरंत बचाव के उपाय किए जाएं और अन्य राज्यों से इनकी आपूर्ति जुटाने की व्यवस्था तलाशी जाए। अशोक गहलोत सोमवार को जोधपुर में थे। जयपुर रवाना होने से पहले उन्होंने हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में बांधों में पानी की कम आवक, फसलों के नुकसान और चारे के कम उत्पादन पर चिंता जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह स्थिति पशुधन की सुरक्षा और ग्रामीण रोजगार के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में पानी से जुड़ी समस्याएं पहले ही शुरू हो गई हैं। उन्होंने आगाह किया कि राजस्थान के अन्य हिस्सों में भी हालात बिगड़ सकते हैं, जहां कई इलाकों में सूखे जैसे हालात हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि स्थिति और अधिक बिगड़ने से पहले, पीने के पानी की उपलब्धता और चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। गहलोत ने सुझाव दिया कि सरकार को सूखे से प्रभावित तहसीलों और गांवों की पहचान करके उन्हें आधिकारिक तौर पर सूखाग्रस्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। उन्होंने चारे के डिपो बनाने, चारा जुटाने की व्यवस्था करने और पशुधन के लिए राहत शिविर खोलने की मांग की।

संपादकीय

धर्मो रक्षति रक्षितः का संदेश देता पर्व

कठिन और लंबे वनवास के बाद श्रीराम द्वारा रावण के साथ लंका में युद्ध के बाद विजय प्राप्त करने की स्मृति को सजीव करता विजयदशमी का पर्व भारत के जन-जीवन में विशेष महत्व रखता है। यह याद दिलाता है कि आसुरी वृत्तियां जीवन-द्रोही होती हैं और उनका प्रतिकार करने के लिए तत्पर रहना आवश्यक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति में जीवन मूल्यों को स्थापित करने की सतत कामना और उसके लिए संघर्ष की अनिवार्यता को भी व्यंजित करता है। श्रीराम की मंगलदायी छवि पौरुष और चरित्र के उत्कर्ष के रूप में लोक मन में अंकित है। उनकी विशिष्टता यही है कि उनके जैसा आत्मीय कोई और नहीं मिलता। लोक से श्रीराम का तादात्म्य इतना गहरा है कि राम को याद किए बिना आज भी आम आदमी जीवन के बारे में सोच ही नहीं पाता। इसलिए उनकी विजय का उत्सव हर जाति-वर्ग के बच्चे, बूढ़े, जवान सबके लिए हर्ष और उल्लास का विषय होता है। इसके साथ शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन देश के अन्यान्य क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय है। यह अवसर प्रतीक रूप में असत्य पर सत्य की और दुष्प्रवृत्ति पर सद्-वृत्ति की जीत के संकल्प की ओर ध्यान आकृष्ट करता है। भगवान विष्णु के मानवीय अवतार श्रीराम की महागाथा में मानव जीवन की विभिन्न समस्याओं और विसंगतियों से आजीवन लगातार जूझते रहने की पीड़ा प्रकट होती है। इस पीड़ा के दायरे में देव, दानव, पशु, पक्षी, वनस्पति यानी पूरा चराचर जगत सम्मिलित है। यह विस्तृत वितान स्वाभाविक भी है, क्योंकि कर्म-बंधन अनिवार्य हैजो बिना रुके निरंतर चलता रहता है। कर्म करना जीवन की अनिवार्यता है। इस क्रम में आसक्ति और मोह पैदा होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। तब जीवन और प्रकृति के बीच असंतुलन पैदा होता है। इस स्थिति को ही धर्म की ग्लानि कहते हैं। दूसरी ओर धर्म की रक्षा करने से जीवन की रक्षा और उन्नति होती है। विजयदशमी धर्म की जय का उद्घोष करने वाला उत्सव है। राम और रावण के बीच लंका की भूमि पर हो रहे युद्ध के बीच प्रबल पराक्रमी रावण से लड़ने को पैदल चल रहे श्रीराम को देख भक्त विभीषण के मन में संशय उठा। रावण रथ पर सवार था और रघुवीर विरथ यानी रथहीन थे। इस बेमेल स्थिति से विभीषण अधीर हो रहे थे। इस संदेह की मनःस्थिति को भांप कर श्रीराम समझाते हैं कि जीत दिलाने वाला रथ कोई दूसरा है, जिसे कोई शत्रु पराजित नहीं कर सकता। विजय की ओर ले जाने वाला रथ शौर्य और धैर्य के दो पहियों पर टिका होता है। उस रथ पर सत्य और शील, यानी सदाचार नाम वाले ध्वज और पताका फहराते हैं।

दिल और दिमाग का रिमोट खुद के पास रखना बेहतर




यूरोप में जगह-जगह जो आंदोलन हो रहे हैं वो युवाओं की वजह से हो रहे हैं या बुजुर्गों की वजह से। फ्रांस और यूरोप में कई जगह जो ये आंदोलन हो रहे हैं, हिंसा हो रही है, ये सब जेन जी के विरोध प्रदर्शन बताए जा रहे हैं वो हकीकत तो है लेकिन पूरी कहानी नहीं है। असली वजह एक ऐसा बुनियादी बदलाव है जिसको हर देश को समझने की जरूरत है। फ्रांस में इस समय विरोध का कारण स्कूलों में टीचरों की भारी कमी, हर क्लास रूम में बहुत ज़्यादा बच्चे, स्कूलों की इमारतें टूटी-फूटी हालत को बताया जा रहा है। पुर्तगाल में लोगों के सड़कों पर आने का कारण वहां मकानों की बढ़ती कीमतें, आसमान छू रहे किराए, लोगों का कम वेतन बताया जा रहा है। इटली के मिलान और अन्य शहरों में प्रदर्शन का कारण स्कूलों के खस्ता हाल, मकानों के बढ़ते किराए हैं। बेल्जियम में यूनिवर्सिटी की बढ़ी फीस ने छात्रों को सड़कों पर उतार दिया है, सरकार ने बजट कम कर दिया है। अल?बानिया में छात्र विश्वविद्यालय की खराब हालत और ऊंची फीस के ख़िलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पेन में भी लोग मकान नहीं मिलने और बढ़ते किराए से परेशान हैं। यानी सब जगह विरोध की बड़ी वजह युवाओं को जो सरकार से मिलता है, सरकार उसका उतना बजट नहीं दे रही। कहा जा रहा है कि यूरोप के देशों को पैसा बहुत है। सरकारें टैक्स भी लेती थीं तो उसके बदले में लोगों को सुविधाएं भी मिलती थीं। स्कूल मिलते थे, मकान मिलते थे। लेकिन अब उन देशों के हालात बदलते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी के बावजूद लोगों को सहुलियतें नहीं मिल पा रही, इसलिए विरोध इतना उग्र होता जा रहा है। फ्रांस में तरह-तरह के टैक्स इतने हैं कि एक आम वर्कर को औसत 47 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। मतलब आधी कमाई टैक्स में चली जाती है। बेल्जियम में औसत टैक्स 53 प्रतिशत के करीब है, इटली में भी लगभग 47 प्रतिशत के आसपास है, स्पेन और पुर्तगाल में भी लगभग 40 फीसदी आम आदमी की कमाई टैक्स में चली जाती है। इसलिए सब लोग गुस्से में हैं कि सुविधाएं तो दुरुस्त करो। कहा जा रहा है कि इतना सारा टैक्स ले कर ये सारे यूरोप के देश अब तक इतनी अच्छी सुविधाएं दे पा रहे थे तो अब क्यों नहीं दे पा रहे। इसकी वजह यह कही जा रही है कि वहां कई साल से टैक्स देने वाले कम होते जा रहे हैं और टैक्स के पैसे से सुविधाएं लेने वाले बढ़ते जा रहे हैं। यूरोप में टैक्स देने वाले इसलिए कम हो गए हैं क्योंकि टैक्स काम करने की उम्र वाले लोग ही देते हैं और उनकी लगातार कमी होती जा रही है। यूरोप में लोगों ने कई दशकों से बच्चे ही पैदा करने कम कर दिए थे। इससे जनसंख्या घटती जा रही है। युवा कम है और वहां बुजुर्ग ज़्यादा हो गए हैं। बजट का काफी हिस्सा उनको दी जा रही पेंशन में खर्च हो रहा है। इसलिए सरकार कर्मचारियों की तनख़्वाहें नहीं बढ़ा पा रही है। अधिकतर पैसा स्वास्थ्य सेवाओं में खर्च हो रहा है तो नए स्कूल नहीं बन रहे और न ही उनकी मरम्मत हो रही है। लोगों की सुविधाओं पर खर्च में कटौती से लोगों में गुस्सा इस बात को भी लेकर है कि ज्यादा टैक्स लेने के बावजूद सुविधाएं नहीं और फिर काम करने की उम्र के लोग भी उतने नहीं है। अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या इन देशों में लंबी जिंदगी सारी समस?या की जड़ है। बुजुर्ग काफी हो गए हैं, वो टैक्स देते नहीं। उनको पेंशन देनी पड़ती है, क्योंकि उन्होंने जब काम किया तो इतना मोटा टैक्स दिया था। उनके इलाज पर अस्पतालों में खर्च करना पड़ता है क्योंकि उन्होंने मोटा टैक्स दिया था। लोग बच्चे कम पैदा कर रहे हैं और मेडिकल सुविधाएं और रिसर्च ऐसी हो गई है कि लोग ज्यादा लंबे समय तक जी रहे हैं। युवा काम करने वालों की संख्या कम हो रही है और बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जहां तक फ्रांस की बात है, वहां बजट का लगभग 12 प्रतिशत सरकारी शिक्षा पर खर्च कर हो जाता है। लेकिन उसमें 32 फीसदी टीचरों और दूसरे कर्मचारियों की पेंशन में चला जाता है। यानी एक तिहाई पैसा तो पेंशन देने में चला जाता है। ऐसे में नए टीचरों की भर्ती नहीं होती, स्कूल नहीं बनते, स्कूलों की मरम्मत नहीं होती और स्कूलों के टीचरों की पेंशन की ही बात नहीं है। फ्रांस में तो देश की कुल अर्थव्यवस्था का लगभग 14 प्रतिशत खर्च ही पेंशन पर हो रहा है। कुछ समय पहले मैक्रों सरकार ने पेंशन का ख़र्च कम करने के लिए रिटायरमेंट की उम्र 62 साल से बढ़ाकर 64 साल करने की कोशिश की थी। लाखों लोगों के सड़कों पर आने से सरकार को फ़ैसला वापस लेना पड़ गया था। यही स्थिति यूरोप के ज़्यादातर देशों में है। जर्मनी, स्पेन, इटली सब जगह बुजुर्ग ज़्यादा हो गए हैं। कहा जा रहा है कि युरोपीय देशों की सरकारों पर दबाव जेन जी का नहीं, बुजुर्गों का है। फ्रांस के वोटरों में 30 प्रतिशत यानी लगभग एक तिहाई 65 साल से ज़्यादा उम्र के हैं। यानी हर तीन में एक वोटर तो बुजुर्ग है वहां पर। और 25 साल से कम वोटर सिर्फ 11 प्रतिशत है। 30 साल से कम उम्र वाले भी सिर्फ 17 प्रतिशत वोटर ही हैं। चुनावी राजनीति हिसाब-किताब भी ऐसा है कि बुजुर्ग लोग तो वहां पक्का वोट देने जाते हैं, युवा तो उतनी तादाद में हैं भी नहीं और जितने हैं वो वोट देने उतने जाते भी नहीं। ये है युरोपीय देशों में अशांति की असली हकीकत, जहां राजनीति भी सामाजिक विसंगतियों का आवरण ओढ़े हुए है। जनसंख्या संतुलन होने से समस्याओं का अंत होता है, यह सर्वमान्य सिद्धांत है। जनसंख्या बढ़ना ही समस्या नहीं होती, जनसंख्या घटना भी और खास कर तेजी से घटना तो बहुत बड़ी समस्या हो जाती है। जैसा कि युरोपीय देशों के साथ हो रहा है। आजकल तेजी से बदलते ग्लोबल परिप्रेक्ष्य में दुनिया भर में जो बदलाव दिखाई दे रहे हैं और संवादहीनता के कारण देशों के बीच विश्वास का संकट गहराता जा रहा है, उसे अनदेखा भी नहीं किया जा सकता। भारत के संदर्भ में पड़ौसी मुल्कों के हालात के मद्देनजर आंख मूंद कर रहा भी नहीं जा सकता। विशेषकर श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की परिस्थितियों के देखकर। इन देशों में जेन जी के नाम पर जो बवाल मचा और उन देशों के राजनीतिक अशांत वातारवण को भारत के संदर्भ में बहस करने वालों के लिए युरोपीय देशों के हालात को भी देख लेना चाहिए। जेन जी के नाम से रिजीम बदलने का ख्वाब देखने से पहले खुद के हालात पर भी नजर डाल लेना चाहिए। वोट चोरी के नाम पर जनता के द्वारा चुनी हुई सरकारों को सड़कों पर आंदोलन के जरिये हटाने का मंसूबा पालने वालों को जरा अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का भी अहसास होना जरुरी है। अपने संवैधानिक अधिकारों के नाम पर सड़कों को जाम करके, हंगामा खड़ा करके दूसरे लोगों के संवैधानिक अधिकारों का हनन और अतिक्रमण करना भी संवैधानिक दायरों का अतिक्रमण करना होता है। लिहाजा दूसरे देशों की घरेलू राजनीति और घटनाक्रम को सार्वभौमिक बनाकर और बताकर देश की राजनीति में विचलन पैदा करने के मंसूबों को दिल और दिमाग से हटा कर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से काम में लिया जाए तो खुद के लिए और देश और समाज के लिए बेहतर होगा। अपने दिल और दिमाग का रिमोट दूसरों के पास होने से बेहतर है खुद के पास रखना।

मायावती के सामने भरोसे का सवाल



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान सौंप दी है। पार्टी से कई बार बाहर किए जाने के बाद आकाश की वापसी को सिर्फ युवाओं को साधने की रणनीति के तौर पर नहीं देखा जा रहा है, बल्कि इसे बसपा में भरोसेमंद दूसरी पंक्ति के नेतृत्व की कमी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि लगातार चुनावी चुनौतियों और वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने के बीच, मायावती के सामने ऐसे चेहरे का संकट है, जिस पर वह भरोसा कर सकें और जिसे संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जा सके। बसपा को अपने पारंपरिक वोट बैंक के साथ युवाओं को जोड़ने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पार्टी को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो नई पीढ़ी के मुद्दों को उठाने के साथ संगठन को भी सक्रिय कर सके। ऐसे में आकाश आनंद की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। हालांकि, उनकी वापसी के पीछे युवाओं को साधने की रणनीति कितनी अहम है और भरोसेमंद नेतृत्व के विकल्पों की कमी कितनी बड़ी वजह है, इस पर राजनीतिक गलियारों में कई चर्चाएं चल रही हैं। आकाश आनंद को दोबारा आगे लाने के पीछे बसपा में युवा नेतृत्व के सीमित विकल्प भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता हैं। आजाद समाज पार्टी में युवा नेताओं की अच्छी-खासी मौजूदगी है और उसके प्रमुख चंद्रशेखर खुद युवा हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी भी युवाओं को आगे रखने की कोशिश कर रही है। ऐसे में बसपा के सामने भी युवा नेतृत्व को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट करने की चुनौती है। यह भी कहा जा रहा है कि मायावती पिछले कुछ वर्षों में आकाश आनंद को लेकर कई तरह के प्रयोग कर चुकी हैं। उन्हें जिम्मेदारी देना, फिर हटाना और दोबारा आगे लाना इसी प्रक्रिया का हिस्सा रहा है। इस दौरान मायावती ने आकाश के विकल्प के तौर पर किसी दूसरे युवा चेहरे को सामने लाने की भी कोशिश की, लेकिन बसपा में ऐसा कोई चेहरा उभरकर नहीं आया, जिसे व्यापक स्तर पर पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया जा सके। बसपा में पहले दूसरी पंक्ति के कई ऐसे नेता हुआ करते थे, जो मायावती के भरोसेमंद माने जाते थे, लेकिन अब उनमें से कई पार्टी से दूर हो चुके हैं। मौजूदा स्थिति में मायावती के सामने नेतृत्व से जुड़ा सबसे बड़ा सवाल भरोसे का है। उन्हें ऐसे व्यक्ति की जरूरत है, जिस पर वह संगठन की जिम्मेदारी के लिए विश्वास कर सकें। आकाश आनंद का युवा होना उनके पक्ष में एक अतिरिक्त फायदा है, लेकिन उनकी वापसी का मूल कारण भरोसेमंद विकल्प की कमी भी हो सकता है। उनका मानना है कि यदि मायावती को पिछले तीन-चार वर्षों में कोई दूसरा उपयुक्त चेहरा मिल गया होता, तो उसे भी जिम्मेदारी दी जा सकती थी। आकाश को पहले किन आरोपों के आधार पर पार्टी से हटाया गया था, इसे लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसा भी माना जा रहा है कि मायावती ने उनकी वापसी से पहले आकाश से भविष्य में ऐसी गलतियां नहीं दोहराने का आश्वासन लिया गया होगा। मायावती जानती हैं कि आकाश को दोबारा मौका देने के बाद उनके पास नेतृत्व के विकल्प सीमित हैं, इसलिए उनके लिए इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना जरूरी होगा। यह सच है कि लगातार चुनावी हार और पार्टी के बड़े नेताओं के अलग होने से बसपा में भरोसे का संकट पैदा हुआ है। एक के बाद एक वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने से संगठन कमजोर हुआ है और मायावती के बाद दूसरी पंक्ति में ऐसा कोई व्यापक रूप से पहचाना जाने वाला चेहरा नहीं बचा है, जिस पर वह नेतृत्व की जिम्मेदारी के लिए भरोसा कर सकें। ऐसे हालात में आकाश आनंद को आगे लाना पार्टी के लिए जरूरी हो गया है, ताकि नेतृत्व का विकल्प बना रहे। चुनाव के दौरान किसी प्रमुख चेहरे को बाहर रखना और फिर नेतृत्व में बदलाव करना संगठन के लिए अनिश्चितता बढ़ा सकता है। मायावती इस चुनौती को समझ रही हैं और इसी वजह से आकाश को वापस लाकर उन्हें पार्टी के कामकाज और चुनाव प्रचार में सक्रिय किया गया है। मायावती ने कहा है कि आकाश आनंद अब पार्टी और बहुजन आंदोलन के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में पूरी मेहनत और तेजी से जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के लोगों को आकाश से काफी अपेक्षाएं हैं। आकाश आनंद आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में आयोजित पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आकाश आनंद की सक्रियता से पार्टी को विधानसभा चुनाव में कितना फायदा मिलेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन इतना जरुर तय है कि बसपा को इस चुनाव में खोने को तो कुछ नहीं है, लेकिन पाने के लिए बहुत कुछ है। शायद इसीलिए मायावती ने आकाश आनंद पर एक बार फिर भरोसा जता कर पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं।

पहेलियां बुझाना यानी दिमाग को जवान रखना



कभी कभी यह कहा और सुना जाता है कि सीधा बोल, क्यूं पहेलियां बुझा रहा है। यानी बात को घूमा क्यूं रहा है, साफ साफ बता। जीवन में अक्सर ऐसे अवसर आते हैं, जब बात को घुमा फिरा कर कहा जाता है, सीधी बात नहीं होती। लेकिन वैज्ञानिक अनुसंधानों से यह साबित हो रहा है कि कभी कभी पहेलियां बुझाना भी सेहत के लिए जरुरी हो जाता है, खासकर उम्र के पड़ाव की सीढ़ियां चढ़ते समय। डॉक्टर भी कहते हैं कि बुढ़ापे में अगर दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखना है, तो उसे खाली मत छोड़िए। उसे काम में लगाए रखिए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का कहना कि अपने मस्तिष्क को व्यस्त रखना बहुत जरूरी है। मंत्रालय के अनुसार अपने मस्तिष्क को व्यस्त रखें। मानसिक प्रेरणा उद्दीपन से स्मृति और संज्ञानात्मक स्वास्थ्य बेहतर होता है। पहेलियां हल करें, दिमागी खेल खेलें और जिज्ञासु बने रहें। मंत्रालय का कहना है कि जैसे शरीर को फिट रखने के लिए कसरत जरूरी है, वैसे ही दिमाग को फिट रखने के लिए उसकी भी कसरत जरूरी है। दिमाग की कसरत का सबसे आसान तरीका पहेलियां, दिमागी खेल और नई-नई चीजों के बारे में जानने की इच्छा है। अक्सर देखा जाता है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोग चीजें भूलने लगते हैं। रखा हुआ सामान याद नहीं रहता, किसी का नाम याद करने में वक्त लगता है। ये सब संज्ञानात्मक स्वास्थ्य कमजोर होने की निशानी है। अगर आप पहले से ही अपने दिमाग को एक्टिव रखेंगे, तो इस परेशानी से काफी हद तक बचा जा सकता है। सुबह अखबार में जो सुडोकू या क्रॉसवर्ड आता है, वो सिर्फ टाइमपास नहीं है। वो आपके दिमाग के लिए जिम जैसा है। जब आप कोई पहेली हल करते हैं, तो आपके दिमाग की नसें ज्यादा तेजी से काम करती हैं। इससे आपकी याददाश्त तेज होती है और सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है। इसी तरह शतरंज, कैरम, लूडो जैसे दिमागी खेल भी बहुत फायदेमंद हैं। ये खेल आपको रणनीति बनाना सिखाते हैं और आपके फोकस को बढ़ाते हैं। घर में दादा-दादी, नाना-नानी के साथ बच्चे अगर ये खेल खेलें, तो दोनों को फायदा होगा। इसके साथ ही जिज्ञासु बने रहना भी बहुत जरूरी है। सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। नई किताबें पढ़िए, नई जगहों के बारे में जानिए, लोगों से बातचीत कीजिए, कुछ नया करने की कोशिश कीजिए। जब आप जिज्ञासु रहते हैं, तो आपका दिमाग नई चीजों को सीखने के लिए हमेशा तैयार रहता है। इससे बुढ़ापे में भी आपका दिमाग जवान बना रहता है।

नघाह लोह डॉर यानी दुकान तो है लेकिन बिना दुकानदार के



आज के समय में किसी दुकान की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, ताले और दुकानदार की मौजूदगी आम बात है। लेकिन मिजोरम में इससे बिल्कुल अलग तस्वीर देखने को मिलती है। यहां कई जगह ऐसी दुकानें हैं, जहां न कोई दुकानदार बैठता है, न सामान की निगरानी के लिए कैमरे लगाए जाते हैं और न ही दुकान बंद करने के लिए ताला लगाया जाता है। इसके बावजूद लोग अपनी जरूरत का सामान खरीदते हैं और उसकी कीमत खुद चुकाकर चले जाते हैं। इन दुकानों को स्थानीय स्तर पर नघाह लोह डॉर कहा जाता है, जिसका मतलब है बिना दुकानदार की दुकान। ग्रामीण इलाकों में सड़क किनारे और हाईवे के पास ऐसी दुकानें देखने को मिलती हैं। किसान और स्थानीय लोग अपने खेतों से लाई गई ताजी सब्जियां और फल यहां रख देते हैं और फिर अपने काम पर चले जाते हैं। इन दुकानों पर फल और सब्जियों के साथ उनकी कीमत भी लिखी होती है। ग्राहक अपनी जरूरत के मुताबिक सामान चुनता है और निर्धारित रकम पास रखे बॉक्स में डाल देता है। इसके लिए किसी कैशियर या दुकानदार की जरूरत नहीं पड़ती। कई जगहों पर सामान खरीदने की पूरी प्रक्रिया ग्राहक खुद ही पूरी करता है। यानी सामान लेना, उसकी कीमत तय करना और भुगतान करना, सब कुछ भरोसे के आधार पर होता है। इन दुकानों की सबसे खास बात यह है कि यहां सुरक्षा के लिए आम दुकानों जैसी व्यवस्था नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से चली आ रही इस परंपरा की पहचान आपसी विश्वास और ईमानदारी से जुड़ी है। कई बार ग्राहक निर्धारित कीमत से अधिक पैसे भी छोड़ जाते हैं। यही वजह है कि ये दुकानें केवल खरीदारी की जगह नहीं, बल्कि स्थानीय सामाजिक भरोसे की मिसाल के तौर पर भी चर्चा में रहती हैं। समय के साथ इन दुकानों के भुगतान का तरीका भी बदल रहा है। पहले ग्राहक सामान लेने के बाद केवल कैश बॉक्स में पैसे डालते थे। अब कई जगहों पर क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल पेमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। भुगतान का तरीका भले ही आधुनिक हो गया हो, लेकिन इस व्यवस्था की बुनियाद आज भी वही है ग्राहक और दुकानदार के बीच विश्वास। मिजोरम की ये बिना दुकानदार वाली दुकानें दिखाती हैं कि तकनीक और सुरक्षा व्यवस्था के दौर में भी सामाजिक भरोसा किसी समुदाय की रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हो सकता है।

सिर्फ सहारा नहीं है सफेद छड़ी



सफेद छड़ी नेत्रहीन और दृष्टिबाधित लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसका एक मतलब दृष्टिबाधित व्यक्ति के आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा है जहां ऐसे लोग अपना जीवन आसानी से जी सकते हैं। यह सफेद छड़ी उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार, सम्मान और स्वतंत्र रूप से आने-जाने की सुविधा के रुप में संकेत और संदेश के रुप में सामने आती है। सफेद छड़ी दुनियाभर में दृष्टिबाधित लोगों की पहचान बन चुकी है। यह सिर्फ चलने का सहारा नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक है। सफेद रंग दूर से आसानी से दिखाई देता है। दिन के उजाले में हो या रात के समय गाड़ियों की हेडलाइट पड़ने पर, यह छड़ी लोगों और वाहन चालकों का ध्यान अपनी ओर खींचती है। इससे उन्हें पता चल जाता है कि सड़क पर चल रहा व्यक्ति दृष्टिबाधित है और उसे रास्ता पार करने के लिए अतिरिक्त सावधानी की जरूरत हो सकती है। सफेद छड़ी के इस्तेमाल को लोकप्रिय बनाने के पीछे एक दिलचस्प इतिहास भी है। साल 1930 में अमेरिका के पियोरिया शहर में लायंस क्लब के अध्यक्ष जॉर्ज ए. बोनहम ने एक दृष्टिबाधित व्यक्ति को काली छड़ी के साथ सड़क पार करते देखा। काली छड़ी दूर से आसानी से नजर नहीं आ रही थी, जिससे दुर्घटना का खतरा पैदा हो सकता था। इसके बाद छड़ी को सफेद रंग से रंगने और उस पर लाल पट्टियां लगाने का सुझाव दिया गया, ताकि वह दूर से दिखाई दे सके। धीरे-धीरे यह तरीका लोकप्रिय हुआ और सफेद छड़ी दृष्टिबाधित लोगों की पहचान बन गई। दृष्टिबाधित लोग सफेद छड़ी की मदद से अपने आसपास की जगह को समझते हैं। इसे जमीन पर हल्के से आगे-पीछे घुमाकर वे रास्ते में आने वाली बाधाओं, सीढ़ियों, फुटपाथ के किनारों, गड्ढों और दूसरी रुकावटों का पता लगा सकते हैं। छड़ी से मिलने वाले स्पर्श के संकेत और आसपास की आवाजों की मदद से वे रास्ते का अंदाजा लगाते हैं। सफेद छड़ी के इस्तेमाल की एक प्रमुख तकनीक को हूवर तकनीक कहा जाता है। इसमें छड़ी को शरीर के सामने नियंत्रित तरीके से चलाया जाता है, ताकि आगे की जमीन और संभावित बाधाओं का पता लगाया जा सके। सही प्रशिक्षण से दृष्टिबाधित लोग अधिक आत्मविश्वास के साथ अकेले यात्रा कर सकते हैं। आमतौर पर सफेद छड़ी के तीन प्रमुख प्रकार बताए जाते हैं। पहला, मोबिलिटी केन, जिसका इस्तेमाल रास्ते की बाधाओं का पता लगाने के लिए किया जाता है। दूसरा, सपोर्ट केन, जो चलने में शारीरिक सहारे की जरूरत वाले लोगों के लिए होती है। तीसरा, आइडेंटिफिकेशन केन, जिसका उपयोग कम दृष्टि वाले लोग अपनी स्थिति के बारे में दूसरों को संकेत देने के लिए कर सकते हैं।

सीकर में आरएसएस का पथ संचलन



संचार जगत

सीकर। विजयादशमी पर्व पर मंगलवार को सीकर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन पिपराली रोड से शुरू होकर कल्याण सर्किल और जाट बाजार होते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरा और कृष्ण सत्संग कॉलेज में इसका समापन हुआ। कार्यक्रम में जयपुर के प्रांत कार्यवाहक कृष्ण कुमार अडानिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। संचलन से पहले शस्त्र पूजन किया गया और इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखते हुए भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। शहरवासियों ने जगह-जगह फूलों की बारिश कर पथ संचलन का स्वागत किया। इस आयोजन के दौरान समाज को नशीली प्रवृत्तियों से दूर रहने का कड़ा संदेश दिया गया। इसके साथ ही संघ के 'पंच परिवर्तन' अभियान के तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और परिवार कुटुंब जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।

पथ संचलनों में मिले कदम से कदम

संचार जगत

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस विजयादशमी के अवसर पर जयपुर महानगर की 292 बस्तियों में विजयादशमी उत्सव पूर्ण उत्सव और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में हजारों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में सहभागिता किया। विभिन्न बस्तियों में शस्त्र पूजन, पथ संचलन एवं शारीरिक प्रधान कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें समाजबंधुओं, मातृशक्ति एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने भी सहभागिता की। जयपुर महानगर के विभिन्न नगरों एवं बस्तियों से शहर के अलग-अलग मार्गों एवं प्रमुख स्थानों से पथ संचलन निकाले गए। स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चलते हुए अनुशासन, सामूहिकता एवं पूर्ण एकात्मता का परिचय दिया। एक लय, एक गति और एक



दिशा में आगे बढ़ते स्वयंसेवकों के संचलन में संगठन की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विभिन्न मार्गों पर समाजबंधुओं ने पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया। विभिन्न उत्सव स्थलों पर शस्त्र पूजन के साथ शारीरिक प्रधान कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें स्वयंसेवकों ने दंड, योग, आसन एवं अन्य शारीरिक कौशलों का प्रदर्शन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शारीरिक दक्षता, अनुशासन, सामूहिक समन्वय और संगठन भावना का परिचय दिया गया। विजयादशमी उत्सव के अवसर पर आयोजित बौद्धिक सत्रों में विजयादशमी के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्त्व, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य, संगठित समाज की आवश्यकता तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने विजयादशमी को शक्ति-उपासना, शस्त्र-पूजन एवं विजय का पर्व बताते हुए इसे दैवी शक्तियों की आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय का प्रतीक बताया। जयपुर महानगर की 292 बस्तियों में आयोजित विजयादशमी उत्सवों ने अनुशासन, संगठन शक्ति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को अभिव्यक्त किया। इन आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता, सहयोग, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित में सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

दिया कुमारी ने ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में किए दर्शन



संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विजयादशमी पर जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में दर्शन कर प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की और मंदिर में नवीन शिखर कलश की स्थापना की। पूजा-अर्चना के पश्चात उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी से प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली बनाए रखने की मंगलकामना की। इस अवसर पर मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के साथ प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई।

नाव पलटने से 4 बच्चे चंबल नहर में डूबे



संचार जगत

कोटा। शहर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में 80 फीट रोड स्थित स्टील ब्रिज के पास चंबल की दायीं मुख्य नहर में नाव पलटने से चार बच्चे डूब गए। उनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, विज्ञान नगर के संजय नगर से छह बच्चे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए नहर पर पहुंचे थे। विसर्जन के दौरान बच्चे नाव में सवार थे, तभी बीच पानी में नाव पलट गई। हादसे में केशु, गोलू, सुरेश और राहुल के डूबने की जानकारी सामने आई है। वहीं, माला कंवर और दीपक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर पीयूष समरिया और सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ, नगर निगम की रेस्क्यू टीम और गोताखोर बच्चों की तलाश में जुटे हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन की निगरानी में तलाश अभियान जारी है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मौके पर मौजूद रहकर राहत बचाव कार्य की निगरानी कर रहे है।

आंदोलन की तुलना नेपाल-बांग्लादेश से न करें : दीपके



संचार जगत

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने अपनी पार्टी के आंदोलन की तुलना नेपाल और बांग्लादेश के हिंसक सत्ता बदलाव से करने वालों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि सीजेपी कार्यकर्ताओं सौरभ दास और आशुतोष रांका का शांतिपूर्वक जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह का सबूत है और उन्होंने कभी हिंसा का रास्ता नहीं चुना। दीपके ने समर्थकों से शांत रहने की अपील करते हुए कहा कि जेल से बाहर आने के बाद कार्यकर्ता फिर से प्रदर्शन करेंगे और अहिंसा के मार्ग पर चलते रहेंगे।

अमित शाह ने नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा

संचार जगत



लुधियाना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण के बिना नशीले पदार्थों की छोटी-छोटी खेपों का पंजाब के युवाओं तक पहुंचना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की हत्या हो रही है या उन्हें आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अमित शाह ने गुरदासपुर, संगरूर और मानसा का दौरा कर नशे के खिलाफ संघर्ष करने वाले तीन लोगों के परिवारों से मुलाकात की। इनमें गुरदासपुर के 40 वर्षीय विक्रमजीत सिंह, संगरूर के गुलजार सिंह और मानसा जिले के परविंदर सिंह झोटा शामिल हैं। शाह ने कहा कि इन तीनों में से कुछ की हत्या कर दी गई, जबकि कुछ को आत्महत्या करनी पड़ी। गृह मंत्री शाह ने पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने सत्ता में आने से पहले तीन महीने के भीतर नशे का कारोबार खत्म करने का वादा किया था, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी यह कारोबार जारी है और बढ़ रहा है।

महापौर ने मौके पर खड़े रहकर करवाई सफाई

संचार जगत



जयपुर। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी की समस्या पर त्वरित कार्रवाई करने के उद्देश्य से जयपुर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी ने सक्रियता दिखाई। विद्याधर नगर क्षेत्र में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते समय सड़क किनारे कचरे का बड़ा ढेर देखकर महापौर ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए और स्वयं मौके पर मौजूद रहकर सफाई कार्य शुरू करवाया। महापौर की इस पहल के बाद संबंधित अधिकारियों और सफाई टीम को मौके पर बुलाया गया। जेसीबी, डंपर सहित अन्य संसाधनों की सहायता से सड़क किनारे जमा कचरे को हटाने की कार्रवाई की गई। कचरा लंबे समय से जमा होने के कारण संबंधित स्थान पर डिपो जैसी स्थिति बन गई थी। महापौर ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सफाई करवाने पर जोर दिया, ताकि सार्वजनिक स्थान पर फैली गंदगी को जल्द हटाया जा सके। महापौर स्वयं मौके पर खड़े रहे और कार्रवाई की निगरानी की। इस दौरान उनका जोर तत्काल सफाई करवाने और सार्वजनिक स्थान को गंदगी से मुक्त करने पर रहा।

अमेरिका ने इनकार किया, अब ब्रिटेन सऊदी की मदद करेगा

संचार जगत



लंदन। ब्रिटेन ने अपने टाइफून लड़ाकू विमान सऊदी अरब भेजने का ऐलान किया है। ये विमान हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों से सऊदी शहरों और तेल ठिकानों की रक्षा करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह भी साफ कहा कि वे यमन में हूती ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। बीते 2 महीने से हूती और सऊदी के बीच संघर्ष शुरू हो गया है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ सीधे अमेरिकी सैन्य हमले की मांग की थी, लेकिन ट्रम्प ने इससे इनकार कर दिया। अब ब्रिटेन सऊदी की मदद के लिए आगे आया है। टाइफून केवल हमला करने वाला लड़ाकू विमान नहीं है। यह दुश्मन के विमानों को रोकने, हवाई क्षेत्र की सुरक्षा करने और जरूरत पड़ने पर जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसका रडार दूर से दूसरे विमानों का पता लगाने में मदद करता है। जरूरत पड़ने पर यह उनका पीछा कर सकता है और हवा में मिसाइल से उन्हें निशाना बना सकता है। इसे यूरोप के चार देशों- ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और स्पेन के सहयोग से विकसित किया गया था। इसका निर्माण किसी एक देश का अकेला प्रोजेक्ट नहीं है।

सुरंग खोदने वाली मशीनों का निर्यात नहीं करेगा चीन

संचार जगत

बीजिंग। चीन ने ऐलान किया कि वह अब सुरंग खोदने वाली टनल बोरिंग मशीनों का निर्यात नहीं करेगा। उसने इन मशीनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसने कहा है कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की बेहतर रक्षा के लिए लगाया गया है। चीन ने यह ऐलान तब किया है, जब भारत पहले से ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए चीन की सुरंग खोदने वाली मशीनों को आयात करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चीन दुनिया के कई देशों को सुरंग खोदने वाली मशीनों और उनके पार्ट्स की सप्लाई करता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि चीन के इस ऐलान से भारत की चिंता बढ़ सकती है।

अमेरिका और भारत व्यापार समझौते के करीब : रूबियो

संचार जगत



मुंबई। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने दावा किया कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं और इसकी जल्द घोषणा की जा सकती है। रूबियो ने पत्रकारों से कहा कि हम समझौते के बहुत ज्यादा करीब हैं। मैं कहूंगा कि हम समझौते पर अमल किए बिना भी उतने ही करीब हैं जितना आप हो सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश जल्द ही एक घोषणा करेंगे, जिसके बाद समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। रूबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी विदेश विभाग सीधे तौर पर व्यापार समझौतों पर बातचीत नहीं करता है, लेकिन चर्चा में पूरी तरह से शामिल रहता है। रूबियो ने कहा कि उन्होंने मुंबई में अपनी बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा की और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी के महत्व की पुष्टि की। वहीं, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि रूबियो और विदेश मंत्री जयशंकर के बीच रक्षा, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और व्यापार समेत कई अहम मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई है। रूबियो इस साल की अपनी दूसरी भारत यात्रा के लिए मंगलवार को मुंबई पहुंचे। इससे पहले उन्होंने ताज महल पैलेस होटल में 26/11 ताज स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कोलकाता भगदड़ मामले में न्यायिक होगी जांच

संचार जगत



कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवींद्र विठ्ठलराव घुगे ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह 17 अक्टूबर की रात चोरबागान सर्वजनिन समुदाय दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में हुई भगदड़ की त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग का गठन करे। इस भगदड़ में कुल 19 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले, पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल ने मुख्य न्यायाधीश घुगे के कार्यालय को पत्र भेजकर उनसे मामले की जांच के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट के किसी भी कार्यरत न्यायाधीश को नामित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश घुगे के कार्यालय ने राज्य सरकार को सूचित किया कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुसार, किसी भी आयोग में सेवारत न्यायाधीश की नियुक्ति संभव नहीं है, और इसलिए राज्य को मामले की न्यायिक जांच आयोग का नेतृत्व करने के लिए अपनी पसंद के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश का चयन करना होगा। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने त्रासदी में मारे गए कुछ लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें मुआवजे के चेक सौंपे।

हवाई किराया वसूली पर सरकार की रहेगी नजर

संचार जगत



नई दिल्ली। सरकार एयरलाइंस के टिकटों के किराए पर सीधे नियंत्रण नहीं करेगी, लेकिन इमरजेंसी की स्थिति में सरकार दखल देकर किराया तय कर सकती है। हवाई टिकटों के मनमाने किराए को लेकर सरकार के रुख में यह बदलाव आया है। पहले सरकार ने कहा था कि यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने पर रोक लगाने के लिए नए नियम लागू किए जाएंगे। लेकिन अब स्पष्ट किया गया है कि सामान्य परिस्थितियों में एयरलाइंस के किराए सीधे नियंत्रित नहीं किए जाएंगे। नई व्यवस्था के तहत एयरलाइंस को अपने किराए की जानकारी पहले से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को देनी होगी और अपनी वेबसाइट पर भी किराए का ढांचा दिखाना होगा। प्राकृतिक आपदा या उड़ानों में बड़े व्यवधान जैसी असाधारण परिस्थितियों में सरकार किराए की सीमा तय कर सकती है, ताकि यात्रियों को जरूरत के समय महंगे टिकटों की मार न झेलनी पड़े।

ले गया छीन के कौन तेरा सबरोकरार...

संचार जगत

कोटा। दीपावली की दहलीज पर खड़े एक गरीब आशियाने के लिए त्योहार सिर्फ रोशनी का दिन नहीं होता; वह साल भर के आंसुओं को पोंछकर चंद मुस्कानें बटोरने की उम्मीद होता है। 38 बरस का नरेश भील भी ऐसी ही एक उम्मीद को सीने से लगाए सोमवार दोपहर अपनी बाइक पर निकला था। साल भर पसीना बहाकर, पाई-पाई जोड़कर उसने अपने बच्चों से वादा किया था कि इस बार त्योहार पर सबको नए कपड़े दिलाएगा। आगे सात साल का छोटा बेटा विकास बैठा था, पीछे तेरह बरस का बड़ा बेटा राहुल अपनी मां रेखा का पल्लू थामे उड़ती हवा में सपनों को तैरते देख रहा था। पांचवीं में पढ़ने वाले उस मासूम बच्चे की आंखों में शायद वही खुशी तैर रही थी कि जब वह बाजार से नई शर्ट पहनकर लौटेगा, तो बस्ती के बच्चों को कैसे दिखाएगा। किसे पता था कि चंद पलों की यह मासूम खुशी, जिंदगी के सबसे भयानक मातम में बदलने वाली है। आरकेपुरम थाना इलाके के दौलतगंज के पास मौत एक तेज रफ्तार जीप का रूप धरकर सामने से आई। एक जोरदार धमाका हुआ और पलक झपकते ही एक हंसता-खेलता परिवार खून से लथपथ सड़क पर बिखर गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि उस नन्हें, मासूम राहुल का कोमल शरीर सड़क पर छिन्न-भिन्न हो गया। जिस मासूम को मां ने सुबह दुलारकर सीने से लगाया था, वह फूल सा बच्चा वहीं तड़पकर शांत हो गया, बिना यह जाने कि उसका कसूर क्या था। सड़क के दूसरी तरफ उसका पिता नरेश सिर से बहते खून के बीच छटपटा रहा था। आंखें बुझ रही थीं, फिर भी उन धुंधली पड़ती पुतलियों में अपने कलेजे के टुकड़े का यह खौफनाक मंजर देखने की बेबसी थी। अस्पताल की ठंडी दीवारों के बीच पहुंचते-पहुंचते नरेश की सांसों की डोर भी टूट गई। त्योहार पर अपने बच्चों के बदन को नए कपड़ों से ढकने निकला बाप, चंद घंटों बाद अपने बेटे के साथ कफन की चादर ओढ़ चुका था। अस्पताल के फर्श पर बैठी मां रेखा अब न रो पा रही है, न बोल पा रही है। सदमे ने उसकी चीखों को भी उसके गले में ही घोंट दिया है। वह पथराई आंखों से कभी उस खाली सड़क को देखती है, तो कभी अस्पताल के बिस्तर पर दर्द से कराह रहे सात साल के विकास को, जिसकी आंख के ऊपर गहरा जख्म लगा है। मासूम बच्चा अपनी सूजी हुई आंख से मां को निहारते हुए बार-बार यही पूछ रहा है कि पापा और भैया कपड़े लेने गए थे, वो लौटे क्यों नहीं? न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की सर्द मोर्चरी के बाहर खड़ा हर शख्स आज रो पड़ा। जिस घर में आज नए कपड़ों की खुशबू आनी थी, वहां अब दो अर्थियों के लिए कफन मंगवाए जा रहे हैं। एक गरीब मजदूर की बेबस ख्वाहिशें सड़क के पत्थरों पर खून बनकर जम गईं, और पीछे छोड़ गईं एक बेसुध मां, जो जिंदगी भर इस सवाल का जवाब तलाशती रहेगी कि जिस त्योहार को वो घर लाने निकले थे, वह उनकी पूरी दुनिया ही क्यों छीन ले गया।

संपत्ति प्रबंधन से सरकार मंदिर की मालिक नहीं बन जाती

सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक के बारे में दिया फैसला

संचार जगत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर की जमीन के मालिकाना हक के बारे में फैसला दिया। अदालत इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि मंदिर की संपत्ति का प्रबंधन करने से सरकार उसकी मालिक नहीं बन जाती। अदालत ने कहा कि देवता को दान में दी गई संपत्ति का कानूनी स्वामित्व देवता में ही निहित रहता है और उसका इस्तेमाल मंदिर के हित में होना चाहिए। दरअसल, तमिलनाडु के एक मंदिर की जमीन राज्य सरकार को उपहार में देने के लिए की गई गिफ्ट डीड को सुप्रीम कोर्ट ने अमान्य करार दिया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने स्पष्ट किया कि मंदिर का ट्रस्टी, पुजारी या सरकार संपत्ति का मालिक नहीं, बल्कि उसके संरक्षण और उचित प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। कोई भी ट्रस्टी अपने पद का इस्तेमाल कर मंदिर की जमीन मनमाने तरीके से हस्तांतरित नहीं कर सकता। अदालत ने यह भी कहा कि सरकारी कार्यालय बनाने के लिए जमीन की जरूरत होना, मंदिर की संपत्ति मुफ्त में सरकार को देने का वैध आधार नहीं है।

अजमेर में आरएसी जवान की गोली लगने से मौत



संचार जगत

अजमेर। अजमेर के माखुपुरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में तैनात 9वीं आरएसी बटालियन टोंक के कांस्टेबल नरेंद्र गोदारा की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। मंगलवार को जेएलएन अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जबकि परिजनों ने इस घटना को लेकर किसी भी तरह की शंका से इंकार किया है। एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है। आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार, गार्ड प्रभारी द्वारा दर्ज कराई गई मर्ग रिपोर्ट में सोमवार शाम करीब 5:15 बजे ड्यूटी शिफ्ट बदलने के दौरान राइफल लोड करते समय अचानक गोली चलने का उल्लेख किया गया है। गोली चलने की आवाज से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी, जिसके बाद एफएसएल और एमओबी टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

यूथ कांग्रेस ने फूंका ज्ञानेश कुमार का पुतला



संचार जगत

अजमेर। अजमेर में मंगलवार को यूथ कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित तौर पर वोट काटे जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी भवन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का रावण रूपी प्रतीकात्मक पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अजमेर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हनीश मरोठिया ने कहा कि जिस तरह रावण को अपनी ताकत का अहंकार था और हनुमानजी ने लंका दहन कर उसका घमंड तोड़ा था, उसी तरह यूथ कांग्रेस ने सांकेतिक रूप से 'वोट चोरी की लंका' में आग लगाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और पारदर्शिता बरतने की मांग को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया गया है, साथ ही काटे गए वोटों की सूची सार्वजनिक करने की मांग उठाई गई है।

भाजपा निगम बोर्ड जोधपुर शहर के विकास को संकल्पबद्ध : मेहता



संचार जगत

जोधपुर। महारानी पार्क परिसर में पृथ्वीराज नगर विकास समिति द्वारा महापौर प्रसन्नचंद मेहता का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसन्नचंद मेहता ने कहा कि नगर निगम में नवगठित भाजपा बोर्ड जोधपुर के चहुंमुखी विकास और शहर के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को संकल्पबद्ध है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना सबका साथ-सबका विकास के अनुरूप पार्षदों के सहयोग से शहर के प्रत्येक वार्ड में समान दृष्टिकोण से विकास कार्य करवाएंगे। पृथ्वीराज नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र भंसाली, फेसर नरपत सिंह शेखावत, डॉ. नवीन चंद शर्मा, शंकरदान सान्दु, मेजर अभय सिंह राठौड़, राजेंद्र बजारी, मुकेश दवे, जे. जे. पटेल, दीपक गुप्ता, रमेश चौधरी, हनुमान राम सुथार, राजेंद्र सिंह पंवार एवं श्रेयांश भंसाली उपस्थित रहे। समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश पुरोहित एवं पार्षद सुरेश नागोरी का पंडित यशवंत व्यास और केशव पारीक के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक करवाया गया। इस अवसर पर नगर के विकास, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा



खैरथल। खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला स्पेशल टीम पुलिस विभाग ने कार्रवाई करते हुए बेड़ा के बास किशनगढ़बास में छापा डाला। यहां कार्रवाई करते हुए मैसर्स कमरुद्दीन एवं मैसर्स सुमरदिन पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मैसर्स कमरुद्दीन से दूध, कलाकंद और मिल्क पाउडर का सैंपल लिया गया मौके पर करीब 120 किलो दूषित बदबूदार कलाकंद और करीब 100 किलो बदबूदार मिश्रित दूध नष्ट करवाया गया। मैसर्स सुमरदिन के यहां से दूध, कलाकंद, और देसी घी के सैंपल लिए गए और करीब 120 किलो देसी घी जप्त किया।

भक्ति और उत्साह से नवमी पूजन के साथ शारदीय नवरात्र संपन्न



बाड़मेर। विजयादशमी के अवसर पर राजपूत समाज में सदियों से चली आ रही शस्त्र पूजन की परंपरा विशेष महत्व रखती है। बाड़मेर के गढ़ स्थित नागणेची माता मंदिर में शस्त्रों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस परंपरा में शस्त्रों पर तिलक लगाकर और मौली बांधकर माता से सुख-समृद्धि, शक्ति और सुरक्षा की कामना की जाती है। यहां दशहरे पर शस्त्र पूजन के बाद राजपूत समाज की ओर से पथ प्रेरणा यात्रा निकालने की परंपरा भी रही है। केसरिया साफे पहने समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं। घोड़ों पर सवार ध्वजवाहक हाथों में भाले और तलवार लेकर यात्रा की अगुवाई करते हैं। यात्रा के जरिए समाज अपनी ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का संदेश देता है। दशहरे पर शस्त्र पूजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परंपरा, कर्तव्य और आत्मरक्षा के महत्व का प्रतीक भी माना जाता है। बाड़मेर की यह परंपरा राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की एक खास पहचान है।



जयपुर। महानवमी पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के सिविल लाइन्स स्थित आवास पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की प्रगति, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कन्या पूजन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेशवासियों को दशहरा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। ऐसे पावन अवसर समाज में सकारात्मकता, सद्भाव और एकजुटता का संदेश देते हैं। महानवमी पर कन्या पूजन के माध्यम से उपमुख्यमंत्री ने नारी शक्ति के सम्मान और प्रदेश की सुख-समृद्धि का संदेश दिया।



जोधपुर। मेहरानगढ़ दुर्ग स्थित जोधपुर के आराध्य स्थल मां चामुंडा देवी मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोधपुर के पूर्व नरेश गज सिंह एवं उनकी पत्नी हेमलता राजे ने विधि-विधान से यज्ञ में आहुतियां दीं और मां चामुंडा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जनकल्याण और मारवाड़ की सुख-समृद्धि की मंगलकामना धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूर्व राजपरिवार ने मारवाड़ अंचल सहित पूरे प्रदेश में खुशहाली, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और जनकल्याण की कामना की। मंदिर के पुजारियों और वेदपाठी ब्राह्मणों के सान्निध्य में हवन-यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें राजपरिवार ने पूर्ण आहुति देकर आरती उतारी। इस अवसर पर जोधपुर नगर निगम के महापौर, स्थानीय पार्षद, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे और दर्शन लाभ प्राप्त किया। मेहरानगढ़ दुर्ग की प्राचीर पर स्थित मां चामुंडा का मंदिर सदियों से जोधपुर और समूचे मारवाड़ की परंपरा, शक्ति और जन-आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। राव जोधा द्वारा 15वीं सदी में स्थापित इस पावन दरबार में नवरात्र, दशहरा और अन्य प्रमुख धार्मिक पर्वों पर पूर्व राजपरिवार की उपस्थिति में पारंपरिक अनुष्ठान की गौरवशाली परंपरा आज भी अनवरत जारी है।



बहरोड़। दहमी-हमजापुर गांव स्थित प्राचीन मनसा माता मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले का समापन समारोह आयोजित किया गया। श्री कृष्ण नवयुवक मंडल एवं मेला विकास कमेटी की ओर से आयोजित समारोह में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय मेले में मनसा माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए श्री कृष्ण नवयुवक मंडल एवं मेला विकास कमेटी के सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं, मंदिर के पुजारियों, स्काउट गाइड के बच्चों, सफाई कर्मचारियों तथा मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सराहनीय योगदान दिया। समारोह में उनकी सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें माला पहनाकर, साफा बांधकर एवं मनसा माता की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।



सिकंदरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिकंदरा में चैतन्य देवियों की भव्य झांकी सजाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने देवियों की झांकी के दर्शन कर आध्यात्मिक संदेश प्राप्त किया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से आध्यात्मिक मूल्यों, संस्कारों और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। ब्रह्माकुमारी शीतल बहन ने चैतन्य देवियों की झांकी का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए बताया कि देवी-देवताओं की महिमा केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके जीवन और गुणों से प्रेरणा लेकर स्वयं के अंदर दैवी गुणों को धारण करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्ची आध्यात्मिकता का अर्थ अपने जीवन से बुराइयों को दूर करना, मन को शुद्ध बनाना तथा प्रेम, शांति, पवित्रता, धैर्य और करुणा जैसे गुणों को अपनाना है।

रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

पटरी पार करते पकड़े गए लोगों पर की कार्रवाई



बयाना। रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की ओर से यात्रियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान आरपीएफ जवानों ने यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से आवागमन करने की समझाइश दी। अभियान के दौरान आरपीएफ जवानों ने यात्रियों से बिना टिकट यात्रा नहीं करने की अपील की। साथ ही रेलवे ट्रैक पार करने के बजाय फुट ओवरब्रिज और निर्धारित रास्तों का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान की शुरुआत के दौरान रेलवे पटरी पार करते हुए कुछ लोगों को पकड़ा गया, जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। आरपीएफ ने यात्रियों को समझाया कि रेलवे पटरी पार करना खतरनाक हो सकता है और इससे गंभीर हादसे होने का खतरा रहता है। इसलिए सभी यात्रियों को फुट ओवरब्रिज का उपयोग करने और रेलवे ट्रैक से दूर रहने की हिदायत दी गई।

जोधपुर में कारीगर 2 किलो सोना-चांदी लेकर फरार

संचार जगत



जोधपुर। ज्वेलरी दुकान पर काम करने वाला कारीगर ही मालिक का भरोसा तोड़कर लाखों रुपए और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गया। आरोपी रितेश कुमार सोनी पिछले 1 साल 8 महीने से पुलिस से बचकर ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार जोधपुर कमिश्नरेट की राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी केशरसिंह खींची ने 11 मार्च 2025 को थाना राजीव गांधी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रितेश सोनी उनकी आशापूरा ज्वेलर्स की दुकान पर काम करता था। आरोपी ने जान-पहचान बढ़ाकर 4 लाख रुपए उधार लिए और वापस नहीं लौटाए। इसके अलावा, ग्राहकों से दुकान के नाम पर आभूषण खरीदकर बिना एंट्री किए गबन कर लिया और मौका पाकर दुकान से 2 किलो चांदी व 30 ग्राम वजनी सोने का शीशफूल चुराकर फरार हो गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बेहद शातिर है और गिरफ्तारी से बचने के लिए कभी चेन्नई, कभी महाराष्ट्र तो कभी गुजरात में छिपकर अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोधपुर के निर्देशों पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आखिरकार उसे अहमदाबाद की एक फैक्ट्री से दबोच लिया।

वृक्ष कथा एवं नवदुर्गा महिमा का हुआ अनुष्ठान

संचार जगत

बहरोड़। बहरोड़ नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम कांकर दोपा में वृक्ष कथा एवं नवदुर्गा महिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवदुर्गा पंचकुंडीय महायज्ञ एवं वृक्ष कथा का विशेष धार्मिक-पर्यावरणीय अनुष्ठान हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संतों, पर्यावरणविदों और ग्रामीणों ने आहुतियां दीं। कार्यक्रम में कथा वाचक डॉ. अशोक शर्मा ने सनातन संस्कृति में वृक्षों के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित किया। पर्यावरण संरक्षण के जमीनी अभियान के तहत उपस्थित माताओं और बहनों को गांव को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही विकल्प के रूप में घर-घर कपड़े के थैलों का वितरण किया गया।

घायल बेटी को खुद उठाकर अस्पताल पहुंचाया



संचार जगत

कोटा। कोटा से एक ऐसी तस्वीर सामने आई, जहां सड़क हादसे के बाद ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इंसानियत की मिसाल पेश की। सोमवार को नेशनल हाईवे-27 पर ताथेड़ डिपो के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें हादसे में बाइक सवार बनवारीलाल मीणा और बेटी सिमरन घायल हो गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अपना काफिला रुकवा कर घायल युवती को अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, 108 एंबुलेंस की मदद से घायल पिता को भी एमबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंत्री ने बाद में फोन कर डॉक्टरों से युवती के इलाज की जानकारी भी ली और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उधर, पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समावेशन से ही पूरी होगी दिव्यांग सशक्तिकरण की राह : कुलवंत

संचार जगत

बहरोड़। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के समावेशन, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में समान भागीदारी पर जोर दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. वाचस्पति कुलवंत ने कहा कि कि दिव्यांगजनों को दया नहीं, बल्कि समान अवसर, सम्मान और अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे।

क्रेशर और ब्लास्टिंग से ग्रामीण परेशान

संचार जगत

बयाना । बयाना उपखंड के अगावली गांव में क्रेशर और खनन कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आ गई हैं, वहीं पोखर, श्मशान और चारागाह की जमीन पर भी अतिक्रमण किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दस वर्षों से इस समस्या को लेकर शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने रोजगार बचाओ, क्रेशर बचाओ के नाम पर अधिकारियों को ज्ञापन देकर गांव की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से खनन और क्रेशर संचालन की निष्पक्ष जांच कराने, कथित अतिक्रमण हटाने तथा श्मशान जाने का रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की है।

अपने वोट की ताकत को पहचानो-मदन दिलावर

संचार जगत



कोटा। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले की पंचायत समिति खैराबाद के चुनाव के लिए भाजपा के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सातल खेड़ी में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपको अपने वोट की कीमत पहचानी चाहिए। आप वर्षों तकअपने वोट की ताकत को पहचानो-मदन दिलावर कांग्रेस को वोट देते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ, जैसे ही आपने अपना वोट देकर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, तो आपकी वोट की ताकत देखो आपके एक वोट ने 500 वर्षों से अटके पड़े अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर का भव्य निर्माण करा दिया। शानदार फोरलेन और एट लेन सड़कों का निर्माण आप के एक सही वोट के करना हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति में प्रधान भाजपा का और जिला परिषद में प्रमुख भाजपा का बनाने के लिए आपका वोट मांगने आया हूं। आपको बस इतना करना है कि कमल के फूल वाला बटन दबा कर भाजपा के उम्मीदवार को जितना है। बाकी काम आपके वोट से खिलने वाला कमल का फूल करेगा। इससे पूर्व सातल खेड़ी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मदन दिलावर का जोरदार स्वागत किया। मंत्री मदन दिलावर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रधान चुनाव कार्यालय का विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया।

हादसे में पिता और 2 साल की बेटी की मौत

संचार जगत

उदयपुर। उदयपुर जिले में देर रात करीब 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक और उसकी 2 साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि उसक पत्नी सहित 2 महिलाएं गंभीर घायल हैं। महिलाओं की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया, जहां बाइक सवार युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी 2 साल की बच्ची की कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान मौत हो गई। बाकी दोनों महिलाओं का इलाज जारी है। हादसा गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे-27 पर घटा माता कट के पास रात 10 बजे हुआ।

नगर निगम के 200 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

दो महीने से नहीं मिली तनख्वाह

संचार जगत



भरतपुर। त्योहारी सीजन के बीच शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने के आसार बन गए हैं। नगर निगम के करीब 200 सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बीते दो महीने से वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा नगर निगम आयुक्त द्वारा मानदेय बढ़ाकर सात हजार 600 रुपए प्रतिमाह करने और दीपावली बोनस देने का वादा भी अब तक पूरा नहीं किया गया है। वेतन न मिलने से गुस्साए कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों का स्थायी समाधान नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों का कहना है कि सोमवार को नवमी पूजन और दशहरा जैसे पर्व पर घरों में पैसे न होने के कारण कई सफाई कर्मचारियों के परिवारों में चूल्हा तक ढंग से नहीं जला और त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। इधर, हड़ताल की सूचना मिलने के बाद निगम के कुछ पार्षद मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग रहे।

स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम

बालिकाओं ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां



बयाना। बयाना के सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में दशहरा पर्व पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजन के साथ हुई। महोत्सव में छोटी-छोटी बालिकाओं ने गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर वार्ड पार्षद लक्ष्मी शर्मा, विद्यालय प्रबंधक मुरारी बारैठा, डायरेक्टर सत्यप्रकाश शर्मा सहित अतिथि, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

निषाद कुमार ने जीते 2 गोल्ड, एथलेटिक्स में भारत का बोलबाला, पदकों की संख्या 30 के पार

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के लिए पैरा एशियाई खेल का तीसरा दिन शानदार रहा है। तीसरे दिन 20 अक्टूबर को 5 गोल्ड मेडल जीत लिए। इसी के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या भी 30 के पार पहुंच गई और मेडल टैली में भारत ने छठे स्थान पर जगह बना ली है।

निषाद कुमार किसी एक एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले दूसरे दिन उन्होंने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं एशियाई पैरा खेलों के पुरुष चक्का फेंक के एफ44/64 स्पर्धा में भारतीयों ने तीनों पदक अपने नाम किए, जिसमें देवेंद्र कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए छठा गोल्ड अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने जीता। फिर फिर पुरुषों की एफ51/52/53 स्पर्धा में प्रणव सूरमा ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह एथलेटिक्स में भारत ने अब तक कुल 6 गोल्ड जीते हैं। वहीं एक गोल्ड भारत को पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल ने दिलवाया था।



दौड़ : फर्राटा धाविका सिमरन को स्वर्ण

अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने एशियाई पैरा खेलों में नए रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन तेजलबेन दामोर ने कांस्य पदक हासिल किया। सिमरन ने 24 . 80 सेकंड का समय निकाला और ईरान की हजर सफरजादेह को पछाड़ा, जिन्होंने 25 . 02 सेकंड का समय लिया। पहली बार इन खेलों में उतरी तेजलबेन ने 25.23 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। टी12 श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए हैं, जो काफी हद तक दृष्टिबाधित होते हैं।



पैरा एशियाई खेल

पावरलिफ्टिंग : अशोक ने जीता रजत पदक

अशोक ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 65 किलो पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। सैतीस वर्ष के अशोक ने 192 किलो वजन उठाया। चीन के पैरालम्पिक चैम्पियन जोउ यि ने 216 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मारगोनो को कांस्य पदक मिला। अशोक ने 187 किलो के साथ शुरुआत की जबकि दूसरे प्रयास में 192 किलो वजन उठाया। वह अंतिम प्रयास में 201 किलो नहीं उठा सके। सोनीपत जिले के गोहाना के रहने वाले अशोक को बचपन में पोलियो हो गया था। पैरा पावरलिफ्टिंग एक बेंच प्रेस प्रतियोगिता है, जिसमें शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत की परीक्षा ली जाती है। इसमें केवल एक ही स्पर्धा होती है लेकिन खिलाड़ी अलग-अलग वजन श्रेणियों में हिस्सा लेते हैं। पावरलिफ्टिंग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के कूल्हों या पैरों में कोई शारीरिक अक्षमता होती है।

चक्काफेंक: प्रणव ने जीता स्वर्ण

प्रणव सूरमा ने पुरुषों की चक्काफेंक एफ51/52/53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि राम रतन सिंह को रजत पदक मिला। उन्होंने चौथे प्रयास में 11 . 66 मीटर थो फेंककर नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। 31 वर्ष के सिंह ने दूसरे प्रयास में 10.35 मीटर का थो फेंककर रजत पदक जीता। ईरान के अलीरजा हेमामी को कांस्य पदक मिला। हेमामी ने 20.20 मीटर का थो फेंका लेकिन रजा अंक प्रणाली के कारण वह तीसरे स्थान पर रहे।

400 मीटर टी20 स्पर्धा : दीप्ति जीवनजी ने जीता गोल्ड

दीप्ति जीवनजी ने रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.36 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तेलंगाना के वारंगल के एक दूरदराज के गांव से ताल्लुक रखने वाली दीप्ति के माता-पिता अपने गांव में छोटे किसान हैं और मजदूरी भी करते हैं। दीप्ति की प्रतिभा को सबसे पहले उनके स्कूल के एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक ने पहचाना था। बैडमिंटन के दिग्गज खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद ने भी उनकी मदद की।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

नंदनी ने लगाई लंबी छलांग, क्रांति को बढ़त

नई दिल्ली/संचार जगत

जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद, भारत की नंदनी शर्मा और क्रांति गौड़ को आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद, ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने वनडे रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर की है।

भारतीय गेंदबाजों में नंदनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाई। जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो टी20 मुकाबलों में तीन विकेट लेने के बाद, वह 26 स्थान ऊपर चढ़कर 45वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने पहले मैच में 11 रन देकर दो विकेट लिए थे और अब वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 507 रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। वहीं, क्रांति ने पहले दो मैचों में एक-एक विकेट चटकाए। वह नौ स्थानों की छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं।



शेफाली चौथे स्थान पर बरकरार

भारत की बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। दूसरे टी20 में 25 गेंदों पर 55 रन बनाने के बाद, शेफाली वर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं, सीरीज के पहले मैच में 37 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद, दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 37वें नंबर पर आ गई हैं।

न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा

न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। जेस केर 5 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि ली इलिंग 6 स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। नैन्सी पटेल 5 स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 35वें नंबर पर आ गई हैं।

हरमनप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

नंदनी शर्मा ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए

भारत ने घर पर सबसे बड़ी टी-20 जीत दर्ज की

हरमनप्रीत कौर ने 91 रन बनाए, इंटरव्यू के दौरान भावुक हुईं

भारत ने जिम्बाब्वे को 92 रन से हराया, टी-20 सीरीज 3-0 से जीती

नई दिल्ली/संचार जगत

पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने पुराने तेवरों का शानदार नमूना पेश करके नाबाद 91 रन की जबरदस्त पारी खेली जिससे भारत ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे को 92 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के 41 गेंदों में नाबाद 91 रन और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 37 गेंद पर 69 रन की मदद से सात विकेट पर 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से शार्ने मायर्स ने 60 और बिलव्ड बिजा ने 44 रन का योगदान दिया लेकिन इससे केवल हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत की तरफ से नंदिनी शर्मा ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने पहला मैच चार विकेट और दूसरा मैच नौ विकेट से जीता था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन वनडे मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने बल्लेबाजों को अधिक मौके देने के उद्देश्य से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसी उद्देश्य से उन्होंने अनुष्का शर्मा (20 गेंदों में 28 रन) को शेफाली के साथ बल्लेबाजी का आगाज करने के लिए भेजा। शेफाली ने लगातार दूसरा अर्धशतक बनाकर भारत की पारी को आगे बढ़ाया। अनुष्का और शेफाली ने 32 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करके पारी की अच्छी नींव रखी। अनुष्का ने पांचवें ओवर में टेंडाई मकुशा की गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा। दूसरी ओर शेफाली ने भी तूफानी बल्लेबाजी की और अपने पांचों छक्के डीप मिड-विकेट के ऊपर से लगाए। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट का भी प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। शेफाली के आउट होने के बाद हाल में तीनों प्रारूप की कप्तानी छोड़ने वाली हरमनप्रीत ने कमान संभाली। उन्होंने भी अपनी पारी में पांच छक्के लगाए। विकेट बल्लेबाजी के लिए अनुकूल था जिसमें हरमनप्रीत ने अपने आक्रामक कौशल का शानदार नमूना पेश किया। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज एशिया कप में धीमी पिचों पर लय हासिल नहीं कर पाई थी जबकि एशियाई खेलों में उन्हें बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला था। यह पूर्व कप्तान इसके बाद काफी भावुक हो गई थी। पिछली 10 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना पाने वाली हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे क्रीज पर कुछ समय बिताने का मौका मिला। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं केवल अपने खेल का आनंद लेना चाहती थी और जितना हो सके उतनी देर तक बल्लेबाजी करना चाहती थी।'' भारत ने आखिरी पांच ओवरों में चार विकेट खोकर 62 रन बनाए। जिम्बाब्वे की तरफ से बिलव्ड बिजा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। जिम्बाब्वे की टीम बड़े लक्ष्य के सामने किसी भी समय जीत हासिल करने की कोशिश करती हुई नहीं दिखी।



भारत- 216/7 (20)

खिलाड़ी	रन
शेफाली वर्मा का माकुशा बो बिजा	69
अनुष्का शर्मा का ग्वांजुरा बो सिबांडा	28
निकी प्रसाद का फिरि बो ग्वांजुरा	9
हरमनप्रीत कौर नाबाद	91
रिचा घोष का ग्वांजुरा बो बिजा	1
दीप्ति का मुपाचिकवा को माकुशा	0
अरुंधति रेड्डी का चिगोरा बो बिजा	4
प्रेमा रावत रन आउट	4
क्रांति गौड़ नाबाद	0
अतिरिक्त : 10 रन	

योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 216 रन
गेंदबाजी : सिबांडा 4-0-33-1, माकुशा 4-0-45-1, चिगोरा 3-0-40-0, फिरि 3-0-33-0, ग्वांजुरा 2-0-15-1, बिजा 4-0-50-3

जिम्बाब्वे-124/7 (20)

खिलाड़ी	रन
केलिस नधलोवु का प्रसाद बो गौड	00
शार्ने मेयर्स का शैफाली बो प्रसाद	60
मोडेस्टर मुपाचिक्वा का घोष बो नंदनी	01
बिलव्ड बिजा बो नंदनी	44
न्याशा ग्वांजुला बो रेड्डी	02
चिपो का शैफाली बो दीप्ति	07
लोरिन फिरी का रावत बो नंदनी	01
तेंडाई माकुशा नाबाद	01
नोमवेलो सिबांडा नाबाद	01
अतिरिक्तः 07	

कुलः 20 ओवर में सात विकेट पर 124 रन
गेंदबाजीः क्रांति गौड़ 3-0-19-1, नंदनी शर्मा 4-0-18-3, शैफाली वर्मा 1-0-2-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-26-1, प्रेमा रावत 3-0-36-0, दीप्ति शर्मा 4-0-18-1, निकी प्रसाद 2-0-5-1

खबर संक्षेप



शेफाली ने किया नियम का उल्लंघन, लगी फटकार

दुबई। शेफाली वर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में एक कैच छूटने के बाद हताशा में मैदान पर गेंद जमीन पर फेंकने के कारण आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। रायपुर में रविवार को भारत की 9 विकेट से जीत के दौरान 22 वर्ष की शेफाली को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्हें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के उपकरणों या कपड़ों, मैदान के उपकरणों, या साजो सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: दर्शकों को मिलेगी फ्री में एंट्री


नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैचों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने यह घोषणा की। जालंधर स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम और मोहाली स्थित ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में कुल मिलाकर 20 मैच खेले जाएंगे। लीग चरण के सभी मैच 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर में खेले जाएंगे जबकि सेमीफाइनल और फाइनल 4 और 5 नवंबर को मोहाली में होंगे।

स्टार्क ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए 450 विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने यह उपलब्धि दूसरे टेस्ट की पहली पारी में हासिल की, जब तीसरे दिन की शुरुआत में उन्होंने वियान मुल्डर को आउट किया।

इसी के साथ स्टार्क टेस्ट करियर में 450 विकेट हासिल करने वाले ग्लेन मैक्ग्रा के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं।



बने दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज

109 मुकाबलों में छुआ आंकड़ा

मिचेल स्टार्क ने सिर्फ 109 मुकाबलों में 450 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। इसी के साथ स्टार्क सबसे कम मुकाबलों में इस आंकड़े को छूने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्ग्रा ने ऐसा 100वें टेस्ट मैच में किया था, जबकि शेन वॉर्न ने यहां तक पहुंचने के लिए 101 मुकाबले खेले। वैश्विक स्तर पर बात करें, तो मुथैया मुरलीधरन इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 80 टेस्ट मुकाबलों में यह आंकड़ा छुआ था। वहीं, भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (89) इस फेहरिस्त में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने किया सीरीज पर कब्जा, न्यूजीलैंड को हराया

नई दिल्ली/संचार जगत

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मैच को 40 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरा टी20 भी जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच इसी मैदान पर 22 अक्टूबर को खेला जाना है।

सिडनी में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी : ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 167 रन बनाए। इस टीम ने 41 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बेथ मूनी ने एशले गार्डनर के साथ चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 60 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। इस टीम को 10 के स्कोर पर जॉर्जिया प्लिमर (6) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने फ्लोरा डेवोनशायर (12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 रन, जबकि मैडी ग्रीन (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया।

टेनिस

निंगबो ओपन नहीं खेलेंगी इगा डब्ल्यूटीए रेस से हुईं बाहर



नई दिल्ली/संचार जगत

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने निंगबो ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही वह डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंचने की रेस से भी बाहर हो गई हैं।

स्वियातेक ने यह फैसला अपनी जांघ की चोट के कारण लिया है। उन्हें यह चोट वुहान ओपन के सेमीफाइनल में अपनी ही देश की खिलाड़ी माजा चवालिनस्का के खिलाफ खेलते समय लगी थी। इस फैसले के साथ ही पोलैंड की इस खिलाड़ी के लिए डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सीधे क्वालीफाई करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। अब उनके पास साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में खेलने का एकमात्र तरीका यह है कि वह एक वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर इसमें शामिल हों।

खुद को आराम देने का सही फैसला

स्वियातेक ने कहा, काफी सोच-विचार के बाद मैंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे अपनी बाईं जांघ में लगातार परेशानी हो रही है। मुझे लगता है कि खुद को आराम देने और ठीक होने के लिए समय देना ही सही फैसला है।" उन्होंने आगे कहा, मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित थी। मैं टूर्नामेंट के आयोजकों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो मुझे खेलते हुए देखना चाहते थे। मुझे अगले साल फिर से यहां आने का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर


2023 की डब्ल्यूटीए फाइनल्स विजेता स्वियातेक, फिलहाल साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन के लिए अब केवल एक ही जगह बची है। स्वियातेक के साथ इस जगह के लिए चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा भी रेस में थीं, जो फिलहाल सातवें स्थान पर हैं।

सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 10 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित

कजाकिस्तान में म्हारी 7 बेटियां दिखाएंगी दांप पेच

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली महिला पहलवानों का चयन किया गया है। चयनित टीम में 50 किलोग्राम में उत्तरप्रदेश की नीलम सीरोही, 53 किलोग्राम में जींद की निशु भानवाला, 55 किलोग्राम में महाराष्ट्र की अहिल्या शिंदे, 57 किलोग्राम में दिल्ली की नेहा शर्मा, 59 किलोग्राम में रोहतक की मनीषा भानवाला, 62 किलोग्राम में चरखी दादरी की नेहा सांगवान, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी की रजनीता जांगड़ा, 68 किलोग्राम में सृष्टि, 72 किलोग्राम में हिसार की तनु शर्मा, 76 किलोग्राम में सोनीपत की काजल ढोचक का चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों से देश को विश्व स्तर पर पदक की भारी उम्मीदें हैं। इस चयन पर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और विशेषकर हरियाणा के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा हमारी महिला पहलवानों ने कड़ी मेहनत और पसीने के दम पर विश्व मंच पर अपनी जगह बनाई है। हमें पूरा विश्वास है कि कजाकिस्तान के इस महामुकाबले में ये सभी बेटियां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का तिरंगा झंडा ऊंचा करेंगी और ऐतिहासिक पदक जीतकर लौटेंगी। संघ इन सभी खिलाड़ियों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।





खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई पर बोलीं-दिल्ली की सीएम रेखा

त्योहारी खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से ना हो समझौता

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली सरकार का प्रयास है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों तथा त्योहारों की खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से समझौता नहीं होना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनहित और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए जागरूकता, जवाबदेही और निर्धारित मानकों का पालन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर राजधानी में मिठाई निर्माताओं और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई इकाइयों में



स्वच्छता, साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के भंडारण और उन्हें संभालने के निर्धारित तौर-तरीकों में कमियां सामने आईं। विभागीय टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से प्रवर्तन एवं निगरानी के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने भी एकत्र किए।

जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

इसी तरह नारायणा स्थित मीठी फूड्स में चिमनी पर मकड़ी के जाले, कीटों के प्रवेश को रोकने के अपर्याप्त इंतजाम और कर्मियों के निजी सामान रखने के लिए अलग निर्धारित स्थान की कमी पाई गई। तैयार प्रीमिक्स पर निर्माण की तारीख का लेबल भी नहीं लगा था। यहां से काजू बर्फी और खजूर बर्फी के नमूने लिए गए। विभाग का यह भी कहना है कि निरीक्षण के दौरान चांदनी चौक स्थित 'चैना राम सिंधी हलवाई' प्रतिष्ठान से पिस्ता बर्फी और खोया, मथुरा रोड स्थित 'हल्दीराम मार्केटिंग' से केसर पेड़ा, ओखला स्थित 'बीकानेर वाला' से बादाम और पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'हीरा स्वीट्स' से पेड़ा के नमूने एकत्र किए गए। विभाग के अनुसार इन सभी उत्पादों के संबंध में आगे की कार्रवाई प्रयोगशाला (लैब) की जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

साफ-सफाई मिली असंतोषजनक

रेखा गुप्ता ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान विद्या विहार (हस्तसाल) औद्योगिक क्षेत्र स्थित काली घटा स्वीट्स की निर्माण इकाई में स्वच्छता और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। उत्तम नगर स्थित आउटलेट में भी सुधार की जरूरत बताई गई। चांदनी चौक स्थित भीकाराम चांदमल प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण में स्वच्छता और साफ-सफाई से जुड़ी कई कमियां मिलीं। अमन मिठाईवाला की दोनों निर्माण इकाइयों में नियमों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने में कमियां पाई गईं। टीम को ओखला फेज-2 स्थित एवरग्रीन स्वीट हाउस के भंडारण क्षेत्र में कीटों की सक्रियता देखी गई। निरीक्षण के दौरान पानी की जांच संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। विभाग ने यहां से बूंदी दाना और खोया के नमूने लिए। बादली औद्योगिक क्षेत्र स्थित पुरी बेकर और बंसीवाला स्वीट्स इकाइयों का निरीक्षण किया गया। यहां से पीले रंग वाली रसमलाई और केक बनाने में इस्तेमाल होने वाले फैट इमल्शन के नमूने एकत्र किए गए। दोनों निरीक्षणों के दौरान एफएसएसएआई लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किए।

नियमों की पालन करें खाद्य कारोबारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य कारोबार से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को चाहिए कि वे स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, कर्मियों के प्रशिक्षण और खाद्य पदार्थों को उचित तरीके से संभालने के नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करें। सरकार का प्रयास है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों तथा त्योहारों की खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से समझौता न हो।

रावण दहन के बाद निगम चलाएगा विशेष स्वच्छता अभियानः सत्या

नई दिल्ली। दशहरे के अवसर पर रावण दहन के बाद दिल्ली नगर रामलीला मैदानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएगा। इसकी घोषणा करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए फैसला लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को रामलीला मैदानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रावण दहन के अगले दिन सुबह के समय रामलीला मैदानों की विशेष कराई जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द स्वच्छ वातावरण मिल सके। सत्या शर्मा ने बताया कि इसके लिए निर्देश में कहा गया है कि रावण दहन कार्यक्रमों के बाद अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाए। मैदानों में फैले कूड़े-कचरे को समयबद्ध तरीके से हटाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। दशहरे के अवसर पर रामलीला मैदानों में मेले के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिससे काफी मात्रा में कूड़ा जमा हो जाता है। केवल रावण दहन के बाद ही नहीं, बल्कि मेले के दौरान भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

भारद्वाज ने एलजी से की शिकायत

दशहरे पर कॉकरोच पार्टी का पुतला दहन का किया विरोध

- हजारों साल पुरानी सनातन परंपराओं का मजाक

नई दिल्ली/संचार जगत

दशहरे के अवसर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का पुतला दहन करने के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पुरजोर विरोध करते हुए उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू से शिकायत की है। एलजी के अलावा सौरभ ने यह शिकायत दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से भी की है और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले पर भारद्वाज ने कहा कि कॉकरोच का पुतला जलाने से हिन्दू आस्था आहत हुई है, इसलिए एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा विधायक अशोक कुमार देवराहा और रेखा सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा हिन्दू परंपराओं का मजाक उड़ा रहे है। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में एलजी संधू व पुलिस आयुक्त से कहा है कि समाज में नफरत को बढ़ावा देने के लिए भाजपा के एक विधायक -मंत्री पर कार्रवाई करें- सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केशव रामलीला समिति के अध्यक्ष व भाजपा विधायक अशोक कुमार देवराहा और दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए।

राजनीति में धर्म का इस्तेमाल नहीं

उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक और मंत्री, जेन-जी के खिलाफ अपनी सस्ती राजनीति के लिए हमारे हिंदू धर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोई भी विधायक अथवा मंत्री हो, हिन्दू धर्म की हजारों साल पुरानी सनातन परंपराओं का मजाक उड़ाकर जेन-जी को नीचा नहीं दिखा सकते।

कॉलोनियों में विकास कार्यों के दौरान गांव की हो रही अनदेखीः ग्रामीण

मुबारकपुर डबास में गलियां ऊंची, मकान नीचे और फिरनी रोड पर होता है जलभराव

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के गांव मुबारकपुर डबास में अनियोजित विकास और जल निकासी की समस्या ग्रामीणों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। चौगामा विकास समिति के महासचिव और ग्रामीण विजेंद्र सिंह डबास ने मंगलवार को सरकार पर अनदेखी का यह आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आसपास की कॉलोनियों में विकास कार्यों के दौरान गांव की समस्याओं की जमकर अनदेखी की जा रही है। इसका खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि रूप विहार, सूरत विहार, विद्यापति नगर, इंद्र एन्क्लेव फेज-3, अगर नगर, प्रवेश नगर और भाग्य विहार में गलियों का स्तर बार-बार ऊंचा किए जाने से गांव के मकान नीचे हो गए हैं। वर्ष 2025-26 में सीवर लाइन डालने के दौरान गांव की गलियां भी तीन से चार फुट तक ऊंची किए जाने का दावा करते हुए उन्होंने बताया कि आसपास की कॉलोनियों के पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से फिरनी रोड पर जलभराव होता है। इस वजह से बरसात में घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता है।

कांग्रेस ने यमुना सफाई को लेकर रेखा सरकार पर उठाए सवाल, छठ पूर्व बताया भाजपा की नौटंकी

नई दिल्ली/संचार जगत

यमुना नदी की साफ सफाई को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रेखा सरकार पर सवाल उठाते हुए इसे भाजपा की फोटो फोटो वाली वाली नौटंकी करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि यमुना की सफाई के नाम पर भाजपा सरकार की नौटंकी अब बेनकाब होती जा रही है। कब तक सीएम रेखा गुप्ता व उनके मंत्री आदि एक दिन कैमरों के सामने सफाई का दिखावा करके जनता और लाखों छठ व्रतियों को गुमराह करेंगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार छठ महापर्व से पहले यमुना घाटों की वास्तविक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे। सफाई कार्यों की पारदर्शी जानकारी सार्वजनिक करे और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ घाटों की व्यवस्था को सुनिश्चित भी करे। यमुना की सफाई के नाम पर भाजपा सरकार केवल दिखावा और प्रचार करने में जुटी है।

कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा

उन्होंने पूछा कि छठ महापर्व पर भी क्या लाखों श्रद्धालु यमुना के इस जहरीले पानी में खड़े होकर अर्घ्य देने को मजबूर होंगे। सीएम रेखा गुप्ता जवाब दें कि क्या यमुना सफाई के नाम पर दिखावा करके छठ व्रतियों की आस्था और स्वास्थ्य से कब तक खिलवाड़ करना जायज है। छठ महापर्व अब नजदीक है, लेकिन यमुना की स्थिति में कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

प्रदूषण पर नियंत्रण को तैयार : सीएम



नई दिल्ली/संचार जगत

- 1 नवंबर 26 से लागू होगा विंटर एक्शन प्लान
- पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं तो पेट्रोल-डीजल नहीं
- निर्माण स्थलों पर धूल रोकने के लिए सख्ती
- बीएस-6 से नीचे के बाहरी वाहनों पर प्रतिबंध की

दिल्ली में सर्दियों के दौरान बढ़ने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने व्यापक विंटर एक्शन प्लान तैयार किया है। 1 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक चलने वाली इस योजना के तहत वाहनों से होने वाले प्रदूषण, निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल और यातायात के दबाव को कम करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना और प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को कम करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र यानी पीयूसी की जांच को सख्त करने की योजना है। इसके तहत वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर पेट्रोल और डीजल नहीं देने की नीति लागू करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-6 से नीचे के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का भी प्रस्ताव है।

पदक जीतना देश के लिए गर्व का विषयः इन्द्राज

नई दिल्ली। एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं की 400 मीटर टी 20 स्पर्धा में दीप्ति जीवनजी द्वारा स्वर्ण पदक तथा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में मनीष नरवाल द्वारा रजत पदक जीतना देश के लिए गर्व का विषय है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा खिलाड़ियों दीप्ति जीवनजी और मनीष नरवाल की शानदार जीत पर यह बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने जीते पदक

रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है दिव्यांग खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ खेल जगत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समान अवसर, आत्मनिर्भरता और समावेशी समाज की भावना को भी सशक्त बनाती हैं।

बिजली की मांग में आई 600 मेगावाट तक की भारी गिरावट

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को बिजली की अधिकतम खपत में एकाएक 600 मेगावाट तक की भारी गिरावट देखने को मिली। यह भारी गिरावट खपत के 24 घंटे से भी कम समय में दर्ज हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को बिजली की अधिकतम खपत का आंकड़ा महज 4086 मेगावाट दर्ज हुआ। सोमवार को आंकड़ा 4765 मेगावाट दर्ज हुआ था। आंकड़ों से साफ जाहिर है कि बिजली की मांग में 679 मेगावाट खपत में कमी हुई है। लेकिन न्यूनतम बिजली खपत में मामूली गिरावट ही दर्ज हुई। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस के अधिकारियों का कहना है कि यह भारी गिरावट कोई बड़ी बात नहीं है, केवल मौसम व अवकाश के चलते ऐसा हुआ है। अफसरों का कहना है कि सोमवार की तुलना में मंगलवार को मौसम में बदलाव हुआ जिसका असर बिजली की मांग में गिरावट के रूप देखने को मिल रहा है। वहीं दशहरे के चलते अधिकांश सरकारी कार्यालयों, संस्थानों व स्कूलों आदि में अवकाश रहा, जिसका असर भी मांग में गिरावट के रूप देखने को मिला है।

बीजेपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी घोषित

नई दिल्ली/संचार जगत

बीजेपी ने मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। बीजेपी ने सात युवा नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा तीन को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।

बीजेपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए नेताओं में यूपी से निखिल मणि तिवारी, जम्मू-कश्मीर से शगुन परिहार, नगालैंड से अरविंद दमानी, तेलंगाना से मालोथ कोमली नाइक,



मप्र से आशीष झाला को राष्ट्रीय सचिव की मिली जिम्मेदारी

बिहार से राज राजेंद्र सिंह, प. बंगाल से सौमेन करफा और छत्तीसगढ़ से भूपेंद्र नाग शामिल हैं। ओडिशा की अर्पिता अपराजिता बडजेना, यूपी के हर्ष वर्धन सिंह और आंध्र प्रदेश के मित्त वामशी कृष्णा को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है।

वहीं असम से बिस्वजीत खांउड, मध्य प्रदेश से आशीष झाला, महाराष्ट्र की सयाली रघुनाथ कुलकर्णी, राजस्थान से हिमांशु शर्मा, पंजाब से सरदार अरमानजोत बराड़, झारखंड से अमन यादव और बिहार से राहुल झा राष्ट्रीय सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। यूपी के विनीत वत्स त्यागी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मेरा शिव शक्ति में विश्वास : राहुल

नई दिल्ली, (आरएनएन)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर बड़ा बयान दिया है।

कहा-RSS की विचारधारा है संविधान के खिलाफ

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में आरएसएस की विचारधारा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पुरुषों का ऐसा समूह है जो संविधान के खिलाफ है और महिलाओं को पुरुषों की संपत्ति मानता है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं शिव-शक्ति में विश्वास रखता हूं। इसीलिए उनसे लड़कर मुझे बहुत खुशी मिलती है। सबसे अच्छी बात यह है कि उनकी अपनी ही कई महिलाएं मेरे साथ हैं। राहुल का यह बयान उस दिन आया है जब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के वार्षिक विजयादशमी उत्सव को संबोधित किया।

चीन में रोबोट को काम सिखाने के लिए इंसानों की लग रही ड्यूटी

बीजिंग। आने वाले समय में रोबोट घर के काम से लेकर फैक्ट्री और सुपरमार्केट तक में इंसानों की मदद करते नजर आ सकते हैं, लेकिन इन मशीनों को काम सिखाने के लिए आज इंसानों को ही मेहनत करनी पड़ रही है। चीन में इन दिनों एक ऐसी ही अनोखी नौकरी लोगों के बीच चर्चा में है। जहां लोग कप उठाने, बोतल का ढक्कन खोलने, बर्तन धोने और फर्श साफ करने जैसे रोजमर्रा के काम करके रोबोट को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इन लोगों को रोबोट ट्रेनर कहा जा रहा है।

इस काम में लोगों को खास तरह के सेंसर और मोशन-कैप्चर डिवाइस पहनने पड़ते हैं। इसके बाद वे कंप्यूटर पर दिए गए सजेंशन के मुताबिक बार-बार एक ही काम करते हैं। उनके हाथों और उंगलियों की हरकतों को रिकॉर्ड किया जाता है। बाद में इसी डेटा का इस्तेमाल करके रोबोट को इंसानों की तरह काम करना सिखाया जाता है। इसका मकसद ऐसी मशीनें तैयार करना है, जो रसोई, कारखानों और दुकानों में अलग-अलग काम कर सकें। चीन के सोशल मीडिया और जॉब प्लेटफॉर्म पर इस तरह की नौकरियों के विज्ञापन बढ़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस काम से हर महीने करीब 4 हजार से 6 हजार युआन यानी लगभग 600 से 900 डॉलर तक कमाए जा सकते हैं।



नए रोजगार को लेकर लोगों की राय बंटी हुई

अब यह काम सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है। अगस्त में शेन्जेन की कंपनी फाइसेन एआई ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सड़क पर काम करने वाले लोगों की गतिविधियां रिकॉर्ड करने की पहल की। सड़क पर झाड़ू लगाने और गुजरती इलेक्ट्रिक बाइक जैसी परिस्थितियों से निपटने के दौरान उनकी हरकतों का डेटा जुटाया गया, ताकि रोबोट असली दुनिया के माहौल को बेहतर तरीके से समझ सकें।

चीन में बेरोजगारों के लिए नया काम

40 साल की लियू युन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में नौकरी छूटने के बाद उन्हें नई नौकरी मिलने में परेशानी हो रही थी। उम्र की वजह से भी उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने रोबोट ट्रेनिंग का काम शुरू किया। बीजिंग के एक स्टूडियो में वह सेंसर वाली बेसलेट और उंगलियों पर चिप जैसे डिवाइस पहनकर कप उठाने और सतह साफ करने जैसे काम करती हैं। लियू के मुताबिक, ये काम रोबोट को ट्रेनिंग देने से ज्यादा किसी छोटे बच्चे को सिखाने जैसा लगता है। हालांकि, एक ही काम को बार-बार दोहराना आसान नहीं है। वहां बड़ी स्क्रीन पर कर्मचारियों की स्पीड और काम की सटीकता दिखाई जाती है। हर दिन 160 सैंपल तैयार करने का लक्ष्य होता है, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोग 260 से ज्यादा सैंपल पूरे कर लेते हैं। लियू के लिए दिन में करीब 200 बार बर्तन धोना और टेबल साफ करना ही काफी थकाने वाला है।

चुनावी धोखाधड़ी के आरोप में दो भारतीयों समेत 28 पर केस

नागरिक नहीं, फिर भी वोट डालने का आरोप

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका में कथित चुनावी धोखाधड़ी के मामले में दो भारतीयों समेत 28 ग्रीन कार्ड धारकों पर आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, इन पर अमेरिकी नागरिक नहीं होने के बावजूद मतदाता पंजीकरण कराने और नवंबर 2024 के चुनाव में मतदान करने का आरोप है। सैक्रामेंटो निवासी कमलेश शाह पर चुनाव के दिन पंजीकरण कर मतदान करने, जबकि रैंचो पालोस वर्डेस निवासी अमनदीप कौर पर दिसंबर 2022 में पंजीकरण कराने और 2024 में वोट डालने का आरोप है। कौर अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की प्रक्रिया में हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों उन 11 लोगों में शामिल हैं या नहीं, जिन्हें कैलिफोर्निया में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों पर गलत जानकारी देने और फर्जी पंजीकरण के आरोप भी हैं। कार्यवाहक उप अटॉर्नी जनरल ट्रेंट मैककॉट्टर के मुताबिक, आरोपियों के नाम उन 20 हजार से अधिक लोगों की सूची में शामिल हैं, जिनके गैर-नागरिक होने के बावजूद पंजीकरण कराने की आशंका जताई गई थी।

ट्रंप ने मैक्रों को चेताया, पेरिस जल्द बन जाएगा मुस्लिम शहर

नई दिल्ली/संचार जगत

फ्रांस में हिंसा और प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आव्रजन नीति की आलोचना की है। ट्रंप ने दावा किया कि पेरिस जल्द ही मुस्लिम शहर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई साल पहले मैक्रों को बड़ी संख्या में दूसरे देशों के लोगों को फ्रांस में आने देने के खिलाफ चेतावनी दी थी। व्हाइट हाउस के बाहर बातचीत में ट्रंप ने मैक्रों को अपना दोस्त बताते हुए कहा उन्होंने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से पहले ही कहा था कि दुनिया भर से बड़ी संख्या में लोगों को देश में आने देना बड़ी



गलती है। ट्रंप ने फ्रांस में अशांति के लिए आव्रजन नीति को जिम्मेदार ठहराया और सीमाओं पर सख्ती करने की सलाह दी। ट्रंप की यह टिप्पणी फ्रांस में सप्ताहांत के दौरान हुई हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं के बाद आई है। पेरिस सहित कई शहरों में सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध लगाए गए और कुछ इलाकों में रात का कर्फ्यू लागू किया गया।

यात्रा भगवान चिंतामन गणेश और श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन से हुई शुरुआत, 70 दिन में अयोध्या पहुंचने का संकल्प

उज्जैन से दिग्विजय की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू

पूर्व सीएम सिंह ने कहा, सनातन संस्कृति के मूल आदर्शों, सत्य, करुणा, सेवा और सद्भाव का देंगे संदेश

नई दिल्ली/संचार जगत

धर्मनगरी उज्जैन से विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ हुआ। उज्जैन से अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक प्रस्तावित इस यात्रा की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठानों, पार्थिव शिवलिंग पूजन और कन्या पूजन के साथ हुई। आयोजन में साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कांग्रेस नेताओं और मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भाग लिया। यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इससे पहले दिग्विजय सिंह ने भगवान चिंतामन गणेश और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद नरसिंह घाट के पास बालाजी गार्डन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन-अभिषेक, कन्या भोज और भंडारे के साथ यात्रा शुरू हुई। दिग्विजय सिंह ने यात्रा को गैर-राजनीतिक बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल आदर्शों सत्य, करुणा, सेवा और सद्भाव का संदेश देना है। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के दान और चढ़ावे के उपयोग में पारदर्शिता तथा जवाबदेही की मांग उठाने की बात भी कही। इसके अलावा मतदाता अधिकारों और कथित वोट चोरी जैसे मुद्दों पर जनसंवाद करने की बात कही गई।



930 से 950 किलोमीटर का सफर

यात्रा करीब 930 से 950 किलोमीटर लंबी होगी और इसे लगभग 70 दिनों में पूरा करने की योजना है। प्रतिदिन करीब 15 किलोमीटर पैदल चलने का लक्ष्य रखा गया है। यात्रा का पहला चरण 20 अक्टूबर से 5 नवंबर तक निर्धारित है, जिसमें उज्जैन, तराना, शाजापुर, राजगढ़ और गुना क्षेत्र शामिल होंगे। आगे ओरछा के रामराजा सरकार मंदिर होते हुए अयोध्या पहुंचने की योजना है। दिग्विजय सिंह के अनुसार, यात्रा के दौरान भोजन और अन्य व्यवस्थाओं में स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहयोग कर रहे हैं। पहले दिन करीब 3,000 लोगों के शामिल होने का दावा किया गया। यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की प्रतिमाओं से सुसज्जित विशेष रथ भी शामिल है।

साध्वी हर्षानंद गिरी ने उठाए सवालः यात्रा के शुभारंभ के बीच साध्वी हर्षानंद गिरी का एक वीडियो भी चर्चा में रहा। उन्होंने दिग्विजय सिंह की यात्रा और भगवान श्रीराम के प्रति उनके रुख पर सवाल उठाते हुए आयोजन को राजनीतिक नजरिए से देखने की बात कही। इस तरह यात्रा की धार्मिक गतिविधियों के साथ उसके उद्देश्य और राजनीतिक संदर्भ को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

केन्या में पंथ प्रमुख मैकेंजी 191 लोगों की हत्या का दोषी करार

मालिंदी, आरएनएन। केन्या में पंथ प्रमुख पॉल मैकेंजी को 191 लोगों की हत्या का दोषी ठहराया गया है। मृतकों में 190 बच्चे और एक वयस्क शामिल हैं। इस मामले में पंथ के 28 अन्य नेताओं को भी दोषी करार दिया गया है। अभियोजन के अनुसार, मैकेंजी ने अनुयायियों को यीशु से मिलने के नाम पर खुद और अपने बच्चों को भूखा रखकर मरने के लिए कहा था। वर्ष 2023 में शाकाहोला जंगल में सामूहिक कब्रों से 400 से अधिक शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने कहा कि अनुयायी मैकेंजी को यीशु का दूत मानते थे। हत्या के मामले में मैकेंजी को 6 नवंबर को सजा सुनाई जाएगी।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।